माघ कृष्ण पक्ष -14, 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 194 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
17 जनवरी 2026 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
23.5 अधिकतम
7.4 न्यूनतम



Page-7

# सियासी वंशवाद और सामंतशाही के खिलाफ मजबूत होती हमारी लोकशाही



प्रसंगवश
राजेश सिरोठिया

आजादी की डायमंड जुबली पूरी होने के बाद साफ दिख रहा है कि अब देश के लोग जान गए हैं कि वास्तविक लोकशाही भला क्या बला है। बीते दस सालों में देखें तो देश की जनता लगातार वंशवादी पार्टियों और फैमिली पालिटिक्स के किलों को ढहा रही है। महाराष्ट्र में नगरीय निकायों के नतीजे साफ बता रहे हैं कि अब न तो ठाकरे का परिवार चलेगा और न ही शरद पवार का। देश में अब गिने चुने दल ही बचे हैं जिनका हिसाब - किताब देश के लोकतंत्र को मजबूती देती जनता को करना है। पत्रकारिता के क्षेत्र में कदम रखने के बाद से ही मुझे लगता था कि हम भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भले ही कहते हों पर सही मायनों में हम डेमोक्रेसी-डेमोक्रेसी का खेल खेल रहे हैं। भारत के इतिहास में चाहे देशी राजा हों या इब्राहिम लोधी की सल्तनत हो । मुगल साम्राज्यवाद हो या फिर अंग्रेजी हुकूमत। इन तमाम शासकों के शासनकाल में इस देश के सनातनी हिंदुओं की बड़ी आबादी को इस्लाम या मसीही समाज से जुडने को विवश या प्रलोभित किया गया। सच तो यह है कि सदियों की गुलामी ने राम और कृष्ण की परंपरा वाले देश के बड़े भूभाग में रहने वाली आबादी की अंतर्चेतना में गुलामी की मानसिकता भर दी। सामंती मिजाज भी हममें रच बस गया। यानि जो सामंत थे उनका मिजाज तो लोकशाही वाले देश में सामंतशाही से भरा ही था, लेकिन तथाकथित दबे कुचले वर्गों से आने वाले लोगों को भी सत्ता मिलती थी तो उनके भीतर बैठा सामंत जाग जाता था। दलित आंदोलन के निकली मायावती और समाजवादी आंदोलन से निकले लालू और मुलायम सिंह यादव तथा उनके परिवार के लोगों का राज सभी को याद है। यह लोकशाही की आत्मा पर कुठाराघात था।

महाराष्ट्र के 29 नगरीय निकायों के चुनावी नतीजों ने यह साबित कर दिया है कि मुंबई की जनता को मराठी अस्मिता से ज्यादा देश की अस्मिता की चिंता है। यह बात सही है कि मुंबई में ठाकरे बंधुओं की स्ट्राइक रेट शिंदे की शिवसेना से थोड़ा ज्यादा है, लेकिन थाणे भी तो ठाकरे परिवार का गढ़ था। मुंबई का किला यदि देवेंद्र फणनवीस ने शिंदे से साथ मिलकर ढहाया तो थाणे में शिंदे ने देवेंद्र के साथ मिलकर ठाकरे परिवार की दादागिरी को चकनाचूर कर डाला। पुणे और पिंपरी चिंचवड़ की बात करें तो भाजपा ने शरद पवार के किले को ध्वस्त कर दिया जबकि वहां चाचा- भतीजे मिलकर चुनाव लड़े थे। भाजपा और शिंदे की शिवसेना ने 29 में से 25 निकायों में फैमिली पार्टी की परंपरा को नेस्तनाबूत किया है। मुंबई और मालेगांव में देश की प्रमुख वंशवादी पार्टी कांग्रेस को असदुद्दीन ओबैसी की पार्टी के सामने मुंह की खानी पड़ी। जबकि आपरेशन सिंदूर के दौरान देश के साथ खड़े होने पर ऐसा यह माना जा रहा था कि कट्टरपंथी सोच वाला मुसलमान ओवैसी के साथ खड़ा नहीं होगा लेकिन समझदार मुस्लिमों ने ओवैसी को अपने सिर पर बिठाकर दिखा दिया कि भले ही वह भाजपा के साथ नहीं हों लेकिन देश हित में देश के साथ खड़े हैं।

### भावी सियासत की इबारत

आर्थिक तौर पर बेहद मजबूत माने जाने वाले सूबे महाराष्ट्र और देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के चुनावी नतीजों ने अब एक और संपन्न राज्य तमिलनाडू तथा तंगहाल बंगाल में फैमिली पार्टी सिस्टम के लिए खतरे की घंटी बजा दी है जहां कुछ ही महीनों के भीतर चुनाव होना है। यानि डीएमके और तृणमूल कांग्रेस के लिए महाराष्ट्र के चुनावी नतीजों ने इन सूबों की भावी सियासत की इबारत लिख दी है। अब ये उन पर है कि उसे किस तरह से लें। या तो हकीकत को समझें वरना राहुल गांधी की तरह ईवीएम और वोट चोरी जैसे जुमले तो अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए पहले से ही गढ़े जा चुके हैं।

## न्यूज विंडो

### हरदा के एकलव्य स्कूल में खराब खाने को लेकर बवाल

**हरदा/रहटगांव।** जिले की रहटगांव तहसील मुख्यालय स्थित एकलव्य आवासीय स्कूल के करीब 400 विद्यार्थी तड़के चार बजे पैदल कलेक्टर से मिलने जिला मुख्यालय के लिए निकल पड़े। करीब 9 किलोमीटर पैदल चलने के बाद विद्यार्थियों को सोडलपुर गांव के पास रहटगांव तहसील और अपर कलेक्टर ने रोक लिया। अधिकारियों ने उनकी समस्या दूर करने और उन्हें वापस स्कूल लौट जाने की समझाइश दी, लेकिन विद्यार्थी कलेक्टर से मिलने की जिद पर अड़े रहे। इसके बाद कलेक्टर सिद्धार्थ जैन मौके पर पहुंचे तो विद्यार्थियों ने कहा कि उन्हें लंबे समय से गुणवत्ताहीन भोजन दिया जा रहा है। उनके स्वास्थ्य से खिलवाड़ हो रहा है।

### सिंगर बी प्राक को लॉरेंस गैंग से मिली धमकी

**मोहाली।** पंजाबी सिंगर बी प्राक को धमकी मिली है। लॉरेंस गैंग ने सिंगर से दस करोड़ की फिरौती मांगी है। पंजाबी सिंगर दिलनूर को 6 जनवरी की दोपहर ऑडियो रिकॉर्डिंग भेजी गई है। इससे पहले सिंगर दिलनूर को ही पांच जनवरी को दो बार फोन भी आया था। लेकिन दिलनूर ने कॉल रिसीव नहीं की थी। छह जनवरी को भी विदेश के नंबर से फोन किया गया था। पंजाबी गायक दिलनूर ने एसएसपी मोहाली के पास एक शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, उन्हें एक विदेशी नंबर से धमकी भरे कॉल आए हैं।

### हरियाणा के नूंह में ९०० किलो विस्फोटक जब्त

**पुन्हाना (नूंह)।** बिछौ थानार क्षेत्र के गांव बीसरु से पुलिस ने 900 किलो प्रतिबंधित विस्फोटक सामग्री बरामद की है। यहां बनी बीपीएल कालोनी के पास खेतों में बने टीनशेड से यह विस्फोटक सामग्री मिली है। छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम को देखकर मौके पर मौजूद तीन युवक फरार हो गए। पुलिस ने तीन आरोपितों के विरूद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए विस्फोटक सामग्री का नमूना जांच के लिए भेजा है।

### खिलाड़ी राणा की हत्या का आरोपी एनकाउंटर में घायल

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में हथियार रिकवर करवाने गई पुलिस ने एक आरोपी का एनकाउंटर किया है। बताया जा रहा है कि कबड्डी खिलाड़ी राणा बलाचौरिया के हत्या के आरोपी बदमाश से पुलिस हथियार रिकवर करवाने गई थी और इसी दौरान उसने पुलिस पर हमला कर दिया। एयरपोर्ट रोड पर हुए एनकाउंटर मामले को लेकर पुलिस ने जानकारी दी।

### आज का कार्टून

ठाकरे ब्रांड पर संकट






### नितिन गडगरी द्वारा 4400 करोड़ की सड़कों का लोकार्पण और शिलान्यास

# समृद्धि और सुविधा की नई सड़कों से उद्योग, कृषि और पर्यटन को रफ्तार

**भोपाल/विदिशा, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश को सड़क विकास से जुड़ी बड़ी सौगातें मिली हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी आज प्रदेश को 4400 करोड़ रुपए की सड़कों का उपहार दे रहे हैं। विदिशा जिले में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में प्रस्तावित 8 राष्ट्रीय राजमार्गों का गडकरी ने लोकार्पण और शिलान्यास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस दिन को प्रदेश के विकास के लिहाज से ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि इन सड़क परियोजनाओं के पूरा होने से मध्यभारत और बुंदेलखंड क्षेत्र की सड़क कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। साथ ही इससे उद्योग, कृषि और पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों को भी गति मिलने की उम्मीद है।

ये प्रोजेक्ट भोपाल, विदिशा, सागर, रायसेन और बुंदेलखंड क्षेत्र को एक हाई-कैपेसिटी नेशनल हाईवे नेटवर्क से जोड़ेंगे। इससे व्यापार, पर्यटन और कृषि उत्पादों के ट्रांसपोर्टेशन में काफी आसानी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 181 किलोमीटर लंबी इन सड़क परियोजनाओं से



उन्नत हाईवे नेटवर्क के जरिए यात्रा समय घटेगा, ईंधन की खपत कम होगी और सड़क हादसों पर नियंत्रण संभव हो सकेगा। इसके साथ ही केंद्रीय सड़क परिवहन एंव राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए तीन आधुनिक ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटरों का शिलान्यास भी किया । इस पहल को प्रशिक्षित चालकों को तैयार करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

#### बैतूल-नागपुर, 30 मिनट घटेगा समय

रतापानी वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र, अब्दुल्लागंज-इटारसी सेक्श का यह प्रोजेक्ट ओबेदुल्लागंज-इटारसी-बैतूल कॉरिडोर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। पहले यह दो-लेन की सड़क थी, जिसे अब चार लेन का बना दिया गया है. इससे बैतूल से नागपुर तक कनेक्टिविटी बेहतर होगी। यात्रा का समय 15 से 30 मिनट कम हो जाएगा।

**देहगांव-बाम्होरी सड़क:** इस सड़क के निर्माण से रायसेन जिला बटेरा-सिलवानी-सागर मार्ग से सीधे सागर से जुड़ जाएगा. इससे ग्रामीण इलाकों में आवाजाही आसान होगी और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

**भोपाल-विदिशा 4-लेन हाईवे:** यह प्रोजेक्ट भोपाल-कानपुर कॉरिडोर का हिस्सा है। इससे सांची जैसी वर्ल्ड हेरिटेज साइट तक पहुंच आसान होगी। रायसेन और विदिशा जिलों को काफी फायदा होगा।

**विदिशा-ग्यारसपुर और ग्यारसपुर-राहतगढ़ 4-लेन सड़कें:** इन प्रोजेक्ट्स से क्षेत्रीय और लंबी दूरी की यात्रा आसान होगी. इनसे कृषि उत्पादों के परिवहन को भी मजबूती मिलेगी।

**सागर को मिलेगा ग्रीनफील्ड वेस्टर्न बाईपास:** सागर वेस्टर्न बाईपास प्रोजेक्ट NH-146 को सीधे NH-44 से जोड़ेगा। इससे शहर के अंदर ट्रैफिक जाम कम होगा और यात्रा का समय लगभग 70 प्रतिशत कम हो जाएगा।

### गोमांस पर घेराव

### एमआईसी मेंबर बोले हम चलाएंगे बुलडोजर

**भोपाल।** भोपाल के स्लॉटर हाउस से निकले मीट में गोमांस के मुद्दे पर 'शहर सरकार' अपनों से ही घिर गई हैं। पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के खास समर्थक एमआईसी मेंबर जगदीश यादव ने कहा, स्लॉटर हाउस बंद करना विषय नहीं है। बड़ा मसला तो यह है कि स्लॉटर हाउस में गोमांस आया कैसे? अफसर क्या देख रहे थे। मैंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मांग की है कि वे असलम चमड़ा के घर पर बुलडोजर चलाने के आदेश दें, या फिर मुझे आदेशित करें। हम सब बुलडोजर चला देंगे।

### ग्रीनलैंड पर कब्जे से रोका तो भारी टैरिफ

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने को लेकर खुली धमकी दी है। बीबीसी के मुताबिक, ट्रम्प ने कहा कि अगर किसी देश ने ग्रीनलैंड पर कब्जे वाले प्लान में उनका साथ नहीं दिया तो वे उन देशों पर भारी टैरिफ लगाएंगे। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान यह बयान दिया। हालांकि उन्होंने साफ नहीं किया कि किन देशों पर टैरिफ लगाया जाएगा।

### यूनियन कार्बाइड परिसर में पहुंचे मुख्यमंत्री



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड फैक्ट्री परिसर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परिसर मे पड़े रासायनिक कचरें का न्यायालय के मार्गदर्शन में निष्पादन किया जा चुका है। अब हमारी सरकार समाज के सभी वर्गों-पक्षों को विश्वास में लेकर इस परिसर का समुचित विकास करने के लिए आगे बढ़ रही है।

### इंदौर के भागीरथपुरा में पीड़ित परिवारों से मिले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष

## दूषित पानी वाली यह कैसी स्मार्ट सिटी : राहुल

**इंदौर, एजेंसी**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज इंदौर के दौरे पर हैं। यहां सबसे पहले वे बॉम्बे हॉस्पिटल पहुंचकर दूषित जल से पीड़ित मरीजों से मिले। सेकेंड फ्लोर पर वेंटिलेटर पर भर्ती दो मरीजों के परिजनों को भी एक साथ बुलवाया गया था। उनसे राहुल ने घटनाक्रम के बारे में पूछा। परिजन ने खराब पानी के कारण बीमार होना बताया। राहुल ने पूछा कि इलाज में किसी तरह की परेशानी तो नहीं। परिजन ने उन्हें बताया कि हमें प्रशासन सरकार और अस्पताल की तरफ से हरसंभव मदद मिल रही है, इलाज भी ठीक से चल रहा है।

इसके बाद राहुल गांधी दूषित जल से प्रभावित भागीरथपुरा इलाके में गए। यहां वे पैदल ही पहुंचे। पीड़ित गीता बाई के परिवार से मिलकर वे जीवनलाल के घर पहुंचे। जानकारी के मुताबिक इस दौरान राहुल गांधी की ओर से पीड़ित परिवारों को एक लाख और एमपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की ओर से 50



हजार रुपए के चेक दिए गए। इस अवसर पर राहुल गांधी ने कहा- इस लापरवाही कि जिम्मेदारी तय होना चाहिए। आज भी यहां पर साफ पानी नहीं मिल रहा है। गंदा पानी पीने से लोगों की जान गई है। सरकार को इनकी मदद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कहा जाता था कि देश को स्मार्ट सिटी दिए जाएंगे। ये कैसी स्मार्ट सिटी हैं, इसमें पीने का पानी नहीं है। लोगों को डराया जा रहा है।

### मेट्रो एंकर

पहचान का 'पावर' तय करता है कि आप आसान वीजा से कितने देशों में जा सकते हैं

## पासपोर्ट की ताकत... सिंगापुर अव्वल, भारत अब 80वें नंबर पर

**नईदिल्ली, एजेंसी**

विदेश यात्रा के लिए पासपोर्ट सबसे अहम डॉक्युमेंट्स में से एक होता है। किसी देश के पासपोर्ट की ÷ताकत÷ यह तय करती है कि उसके नागरिक बिना वीजा या आसान वीजा प्रक्रिया के कितने देशों में जा सकते हैं। हर साल हेनली पासपोर्ट इंडेक्स दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट की लिस्ट जारी करता है। 2026 की लिस्ट आ चुकी है, जो बताती है कि दुनिया में कूटनीतिक रिश्तों और ग्लोबल मोबिलिटी में किस तरह के बदलाव आ रहे हैं। सिंगापुर सबसे ताकतवर पासपोर्ट की लिस्ट में अव्वल बना हुआ है जबकि भारत की टेंकिंग में मामूली सुधार हुआ है और अब वह 85 से 80 वे स्थान पर आ गया है। सिंगापुर ने एक





बार फिर दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट का खिताब अपने नाम किया है। सिंगापुर पासपोर्ट रखने वाले लोग 192 देशों में बिना वीजा या आसान वीजा प्रक्रिया के यात्रा कर सकते हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह है सिंगापुर के दुनिया के कई देशों के साथ मजबूत रिश्ते, आपसी समझौते और उसका ग्लोबल स्तर पर आर्थिक व कूटनीतिक प्रभाव।

#### जापान और साऊथ कोरिया का दूसरा स्थान

एशिया के दो देश जापान और साउथ कोरिया इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर रहे हैं। इनके नागरिक यूरोप, अमेरिका और एशिया के ज्यादातर देशों में आसानी से घूम सकते हैं। मजबूत अर्थव्यवस्था, अच्छे अंतरराष्ट्रीय रिश्ते और वैश्विक भरोसे की वजह से जापान और साउथ कोरिया के पासपोर्ट दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट में गिने जाते हैं।

#### डेनमार्क, स्पेन, स्विट्जरलैंड - 186 देशों की यात्रा

यूरोपीय देश डेनमार्क, लक्जमबर्ग, स्पेन, स्वीडन और स्विट्जरलैंड संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे हैं। इसका बड़ा कारण यूरोप की साझा यात्रा नीतियां हैं, खासकर शेंगेन एरिया, जहां एक बार एंट्री मिलने पर कई देशों में बिना किसी रुकावट के घूमने की सुविधा मिलती है। मजबूत अंतरराष्ट्रीय रिश्तों की वजह से इन देशों के पासपोर्ट बेहद पावरफुल माने जाते हैं।

#### शेंगेन वीजा वाले ऑस्ट्रिया, फ्रांस और जर्मनी

ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, आयरलैंड, इटली, नीदरलैंड्स और नॉर्वे अधिकतर शेंगेन क्षेत्र से जुड़े हैं, जहां लोगों को एक देश से दूसरे देश में आसानी से आने-जाने की सुविधा मिलती है। मजबूत पासपोर्ट और अच्छे अंतरराष्ट्रीय रिश्तों की वजह से इन देशों को ग्लोबल ट्रैवल के मामले में काफी अधिक आजादी मिलती है।

#### भारत के लिए 55 देश

इस साल की लिस्ट में भारत के पासपोर्ट ने 80वां स्थान हासिल किया है। भारतीय नागरिक अब 55 देशों में बिना पहले से वीज़ा लिए यात्रा कर सकते हैं। इसमें वीजा-फ्री, वीजा-ऑन-अराइवल और ई-ट्रैवल ऑथराइजेशन जैसी सुविधाएं शामिल हैं। यह भारत के लिए अच्छी खबर है, क्योंकि 2025 में भारत 85 वें स्थान पर था। यानी एक साल में भारत की रैंकिंग में सुधार हुआ है, जो दुनिया में भारत की बढ़ती पहचान और अंतरराष्ट्रीय रिश्तों को दिखाता है।





## कलाकारों ने जीवंत किया महाकाव्य

**भोपाल।** भारत भवन में 100 से अधिक कलाकारों ने महाभारत महाकाव्य के आरंभिक स्वरूप को नृत्य नाटिका के माध्यम से दर्शाया। प्रस्तुति में वेदव्यास द्वारा गणेश को महाभारत लिखने के आदेश से लेकर धृतराष्ट्र की पीड़ा तक की कथा बहती चली गई। धृतराष्ट्र का यह भाव दर्शकों को भीतर तक छू गया कि अंधकार ही अब मेरा पथ है और यह मेरे कर्मों का परिणाम है। एक तरफ नृत्य की लय और अभिव्यक्ति के साथ वेदव्यास और गणेश के संवादों ने दर्शकों को कथा की जड़ से जोड़ा। वहीं दूसरी ओर मंचन में दिखाया कि महाभारत का युद्ध केवल संघर्ष नहीं बल्कि जन्म जन्मांतरों का फल है. शाम की प्रस्तुति ने स्पष्ट किया कि महाभारत केवल युद्ध कथा नहीं है. यह मनुष्य के कर्म, परिणाम व नैतिक संघर्षों की गाथा है। कलाकारों की वेशभूषा, प्रकाश का संयोजन, और मंचों की सजावट ने पूरा परिसर कथा के दृश्य संसार में बदल दिया।

### जांच में फीकल कालिफार्म की मात्रा 1600 मिली, मानकों के अनुसार होना थी शून्य

# राजधानी के पांच तालाबों का पानी 'जहरीला', मिले खतरनाक बैक्टीरिया, एनजीटी ने जताई नाराजगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल के पांच तालाबों के पानी में इंसान और जानवरों के मल से जुड़े खतरनाक फीकल कालिफार्म बैक्टीरिया पाए जाने पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने सख्त रुख अपनाया है। जांच में पानी में फीकल कालिफार्म की मात्रा 1600 पाई गई, जबकि मानकों के अनुसार इसकी मात्रा शून्य होनी चाहिए।

एनजीटी की सेंट्रल जोन बेंच, भोपाल ने नूर अहमद खान और कमल कुमार राठी की याचिका पर सुनवाई करते हुए इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र की घटना को गंभीर बताया। ट्रिब्यूनल ने कहा कि पेयजल में ई-कोलाई, फीकल कालिफार्म और कॉलरा जैसे बैक्टीरिया की मौजूदगी यह दर्शाती है कि सीवेज का पानी पेयजल पाइपलाइनों में प्रवेश कर गया है। आदेश के अनुसार, छोटा तालाब, शाहपुरा झील, मोतिया तालाब, मुंशी हुसैन खान तालाब और सिद्दीकी हसन तालाब के पानी में फीकल कालिफार्म



पाया गया। एनजीटी ने कहा कि इन तालाबों से सप्लाई किए जा रहे पानी से पांच लाख से अधिक आबादी प्रभावित हो सकती है। हालांकि नगर निगम का दावा है कि इन तालाबों का पानी शहर में सप्लाई नहीं किया जाता और केवल बड़े तालाब का पानी ही पेयजल के लिए उपयोग में लिया जाता है।

**एनजीटी के निर्देश :** पेयजल से जुड़ी शिकायतों के लिए मोबाइल ऐप विकसित किया जाए। सभी पाइपलाइन लीकेज तुरंत ठीक किए जाएं। जलस्त्रोतों से अतिक्रमण हटाया जाए। पानी की नियमित क्लोरीनेशन अनिवार्य की जाए। सभी जल कनेक्शनों पर मीटर लगाए जाएं। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग को सख्ती से लागू किया जाए। मूर्ति विसर्जन के लिए जलाशयों का उपयोग रोका जाए। वहीं महापौर मालती राय ने कहा कि शहर में इन पांचों तालाबों का पानी पेयजल के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाता। पुराने शहर में केवल बड़े तालाब के पानी की आपूर्ति होती है, जिससे शहर की करीब 30 प्रतिशत आबादी को पानी मिलता है।

### अन्य शहरों में भी खतरा


एनजीटी ने कहा कि यह स्थिति प्रशासनिक व्यवस्था की गंभीर विफलता को उजागर करती है। भोपाल के अलावा खरगोन, उज्जैन, ग्वालियर, रीवा और सतना जैसे शहरों में भी इसी तरह के प्रदूषण और जोखिम सामने आए हैं। ट्रिब्यूनल ने बताया कि कई जगहों पर पेयजल और सीवेज पाइपलाइनें बेहद पास बिछी हैं। लीकेज, कम दबाव और अनियमित आपूर्ति के कारण दूषित पानी पाइपलाइनों में घुस रहा है। पानी की नियमित जांच और ओवरहेड टैंकों की सफाई न होना भी बड़ी लापरवाही है। मामले की जांच और निगरानी के लिए एनजीटी ने एक संयुक्त समिति गठित की है, जो छह सप्ताह में रिपोर्ट सौंपेगी। राज्य सरकार और सभी नगर निगमों से जवाब तलब किया गया है। मामले की अगली सुनवाई 30 मार्च को होगी।

# विद्यार्थी अब कुछ भी नया नहीं पढ़ें जितना पढ़ा उसका करें रिवीजन

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

### माशिमं की हेल्पलाइन में हर रोज करीब 500 विद्यार्थी फोन पर पूछ रहे कैसे दूर करें तनाव

माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा 10 फरवरी से आयोजित की जा रही है। अब परीक्षा में कम समय है, इस कारण विद्यार्थियों में परीक्षा को लेकर तनाव होना स्वभाविक है। परीक्षा के तनाव को दूर करने हेल्पलाइन में हर रोज करीब 400 से 500 विद्यार्थियों के फोन आ रहे हैं। काउंसलर्स विद्यार्थियों को सलाह दे रहे हैं कि बोर्ड परीक्षा में करीब 20 दिन शेष है। अब कुछ भी नया नहीं पढ़े, बल्कि जितना पढ़ लिया है, उसका ही रिवीजन करें। साथ ही विद्यार्थियों के माता-पिता से भी चर्चा कर उन्हें बच्चों के साथ रहने की सलाह दे रहे हैं। काउंसलर्स विद्यार्थियों को सुझाव दे रहे हैं कि अब दिन-रात पढ़ाई नहीं करें, बल्कि सैंपल पेपर से रिवीजन करें और परीक्षा के समय पर पुराने प्रश्न पत्र हल करें। वहीं मनोविज्ञानियों का कहना है कि आजकल विद्यार्थी ही अपने आप से ज्यादा अपेक्षाएं पाल ले रहे हैं और उनकी तैयारी भी नहीं है। मेहनत भी कम है और उनमें आत्मसंतुष्टि नहीं है। फिर भी वे टापर की श्रेणी में आने का सपना देख रहे हैं, जिससे उनमें तनाव व अवसाद जैसी समस्या सामने आ रही है। विद्यार्थी स्वयं का आकलन कर उस हिसाब से योजना बनाएं। जितनी भी तैयारी हो गई है, उससे संतुष्ट रहें।



### पूरी नींद लें, तनाव बिल्कुल ना लें

परीक्षा के समय भी पूरी नींद लें और तनाव बिल्कुल ना लें। आपने सालभर पढ़ाई की है तो तैयारी पूरी है। अगर मानसिक संतुलन बेहतर होगा तो विद्यार्थी ठीक प्रदर्शन करेंगे।

### बड़ी संख्या में कॉल्स

बताया गया कि पिछले साल करीब 1.17 लाख विद्यार्थियों के फोन आए थे। अभी हर रोज करीब 400 से 500 से विद्यार्थियों के कॉल आ रहे हैं। विद्यार्थी तनाव से मुक्त हो रहे हैं।

### एडवेंचर टूरिज्म सेफ्टी मैनेजमेंट पर सेमिनार

# प्रदेश में पर्यटन को विश्वसनीय बनाना सरकार की प्राथमिकता



### 70 से ज्यादा एडवेंचर ऑपरेटर्स, टूर ऑपरेटर्स, ने सहभागिता की

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड और भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के केंद्रीय क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा एडवेंचर टूरिज्म सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य प्रदेश में एडवेंचर टूरिज्म गतिविधियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुरक्षित, व्यवस्थित एवं पेशेवर बनाने को लेकर जागरूकता बढ़ाना था। सेमिनार में मध्य प्रदेश के 70 से अधिक एडवेंचर ऑपरेटर्स, एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स, एडवेंचर टूरिज्म से जुड़े विभिन्न विभागों, संस्थाओं एवं हितधारकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान एडवेंचर टूरिज्म के संचालन में सुरक्षा मानकों, जोखिम प्रबंधन तथा अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन प्रणाली के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई। अपर मुख्य सचिव, पर्यटन, संस्कृति, गृह एवं धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि मध्य प्रदेश में पर्यटन को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और विश्वसनीय बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पर्यटन को विश्वस्तरीय स्वरूप प्रदान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम, प्रशिक्षित मानव संसाधन, मानकीकृत ऑपरेटिंग प्रक्रियाओं (एसओपी) तथा प्रभावी जोखिम प्रबंधन तंत्र पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन सतत प्रयासों का उद्देश्य मध्य प्रदेश को देश के सबसे सुरक्षित और अग्रणी एडवेंचर टूरिज्म हब के रूप में स्थापित करना है।

### एडवेंचर टूरिज्म सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली पर चर्चा

कार्यक्रम के प्रमुख तकनीकी सत्र में एडवेंचर टूरिज्म सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली का परिचय विषय पर विशेषज्ञ निरत कुमार भट्ट ने एडवेंचर टूरिज्म गतिविधियों के दौरान संभावित जोखिमों की पहचान, सुरक्षा प्रक्रियाओं की योजना, आपातकालीन प्रबंधन, प्रशिक्षण प्रणाली तथा सतत निगरानी तंत्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपर प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड डॉ. अभय अरविंद बेडेकर ने बताया कि मध्य प्रदेश में एडवेंचर टूरिज्म को अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों के अनुरूप सुरक्षित रूप में विकसित किया जा रहा है। स्काई-डाइविंग, ट्रैकिंग, साइक्लिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, मोटर स्पोर्ट्स, मैराथन और वॉटर-बेस्ड गतिविधियों में सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम को प्राथमिकता दी जा रही है।

# प्रेम और संघर्ष की कड़वी सच्चाई दिखाती 'द सिग्नेचर'

### प्रशासन अकादमी के सिने क्लासिक में दिखाई फिल्म

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

प्रशासन अकादमी के सिने क्लासिक में अनुपम खेर अभिनीत फिल्म द सिग्नेचर दिखाई गई. प्रेम और जिम्मेदारी के बीच जूझते एक मध्यमवर्गीय पति की कहानी ने कई आंखें नम कर दीं। फिल्म अरविंद नाम के सामान्य व्यक्ति की जिंदगी से उठती है, जो अचानक पत्नी के कोमा में जाने के बाद टूटकर भी मजबूत बने रहने की कोशिश करता है। अस्पताल के बिल बढ़ते हैं, जेब छोटी पड़ जाती है और घर बाहर से दबाव बढ़ जाता है। लेकिन तकलीफों के बीच खड़े प्रेम को अरविंद हर हाल में बचाना चाहता है। यही संघर्ष फिल्म की आत्मा है। सबसे भारी क्षण तब आता है, जब डॉक्टर अरविंद को डीएनआर फॉर्म पर सहमति देने को कहते हैं। यहीं दर्शक खुद से सवाल पूछते हैं कि अगर वे उस जगह होते तो क्या निर्णय लेते। अनुपम खेर ने बेबसी और उम्मीद को इतनी बारीकी से निभाया कि पात्र स्क्रीन से उतरकर दर्शकों के बीच आ बैठा। फिल्म का निर्देशन गजेंद्र अहिरे ने किया है, जिन्होंने अस्पताल की खामोशी और परिवार की थकान को बेहद संवेदनशीलता से पकड़ा है। संगीत और दृश्यों की गति भी कहानी की उदासी और गरिमा दोनों को साथ लेकर चलती है। सिने क्लासिक के इस प्रदर्शन में प्रशिक्षु मेडिकल ऑफिसर और सिने प्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। द सिग्नेचर सिर्फ एक फिल्म नहीं बल्कि जीवन और रिश्तों की असली परीक्षा दिखाने वाला आइना है।

### कुंडलपुर के बड़े बाबा... चांदखेड़ी वाले बड़े बाबा के गूंजे जयकारे

# भगवान आदिनाथ मोक्ष कल्याणक के अवसर पर जैन मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक राजधानी के जैन मंदिरों में श्रद्धा भक्ति भाव के साथ मनाया गया मंदिर में सुबह से ही भक्तों का ताता लग गया था भगवान आदिनाथ का अभिषेक विशेष पूजा अर्चना के साथ श्री आदिनाथ विधान की अर्घ अर्पित किए गए मोक्ष कल्याणक की पावन बेला पर निर्वाण लाडू समर्पित कर कुंडलपुर के और चांदखेड़ी के बड़े बाबा भगवान आदिनाथ के जयकारे लगाए गए श्रद्धा भक्ति और आस्था के अभूतपुर संगम के साथ जैन समाज के लोगों ने मंदिरों में अनुष्ठान किए भक्तांमर और णमोकार मंत्र का वाचन किया और सभी के मंगल ममय जीवन की कामना की प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया मुनि विशोक सागर महाराज के सा संघ सानिध्य में शांति नाथ जैन मंदिर जैन नगर में विशेष पूजा अर्चना के साथ अनुष्ठान हुए शहर के प्रमुख चौक जैन मंदिर नंदीश्वर जिनालय झिरनों जैन मंदिर मंगलवारा टी टी नगर हबीबगंज जवाहर चौक अयोध्या नगर अहिंसा विहार



बैरागढ़ अशोका गार्डन शंकराचार्य नगर चंदन नगर नेमि नगर करोंद सहित सभी प्रमुख मंदिरों श्रद्धा भक्ति के साथ मोक्ष कल्याणक मनाया गया.

**मेट्रो एंकर** नेशनल स्टार्टअप डे पर भोज मुक्त विश्वविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

# नई तकनीकों को अपनाने से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

नेशनल स्टार्टअप डे पर मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्टार्टअप और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसका विषय एआई इंडस्ट्री 4।0 टूल फॉर इनोवेटर्स एंड एंटरप्रेन्योर्स रहा। इस अवसर पर इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च के डेटा साइंस विभाग के प्रोफेसर डॉ. आकाश अनिल ने कहा कि आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सिर्फ तकनीक नहीं, बल्कि भविष्य का महत्वपूर्ण रोजगार माध्यम है। प्रो. आकाश ने कहा कि आने वाले समय में पारंपरिक करियर विकल्पों से आगे बढ़कर एआई आधारित कौशल और नवाचार असली पहचान देंगे। उद्योग जगत में तेजी से बदलती मांगों के चलते छात्र अगर



एआई, डेटा एनालिटिक्स और नई तकनीकों को अपनाएं तो रोजगार के अवसर कई गुना बढ़ सकते हैं। विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलगुरु डॉ। रतन सूर्यवंशी ने कहा कि छात्रों को अब केवल सरकारी नौकरी की दौड़ तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि स्टार्टअप और उद्यमिता अपनाने से युवा आत्मनिर्भर बन सकते हैं और रोजगार के अवसर खुद तैयार कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुशील मंडेरिया ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक मानवीय खोज है और मनुष्य से ज्यादा संवेदनशील या बुद्धिमान नहीं हो सकती।

### आज से इटारसी होकर सिलीगुड़ी-पनवेल अमृत भारत विशेष ट्रेन

**भोपाल।** रेल मंत्रालय द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु अमृत भारत ट्रेन पनवेल जंक्शन-अलीपुरद्वार जंक्शन-पनवेल जंक्शन के बीच सप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस एक नई ट्रेन सेवा की शुरुआतआज की जा रही है। इस विशेष नई ट्रेन सेवा भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गंतब्य को जाएगी, जिसकी विस्तृत जानकारी निम्नानुसार है। गाड़ी संख्या 01032 पनवेल के लिए सिलीगुड़ी जंक्शन से दोपहर 13.44 बजे रवाना होकर, अगले दिन सतना दोपहर 15 बजे, कटनी 17.05 बजे, जबलपुर 18.30 बजे, पिपरिया 20.50 बजे, इटारसी 22.40 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन सुबह 11.30 बजे पनवेल जंक्शन पहुंचेगी।






## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नक्सलवाद के खात्मे पर आधारित नाटिका देखी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय पुलिस सेवा समागम के अवसर पर पुलिस ऑफीसर्स मैस में हुई सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुत कार्यक्रम देखे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस अधिकारियों और जवानों द्वारा प्रस्तुत मध्यप्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे की उपलब्धि पर आधारित प्रस्तुत लघु नाटिका की प्रस्तुति की सराहना की। उन्होंने समागम के समापन अवसर पर प्रस्तुत प्रदेश के विभिन्न आंचलिक लोकनृत्य और अन्य कार्यक्रमों की भी प्रशंसा की और श्रेष्ठ आयोजन के लिए बधाई दी। प्रारंभ में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुलझाएगी हेमंत खंडेलवाल की सहयोग सेल

# जिले में समाधान नहीं होने पर संगठन तक पहुंचेंगे मामले, मंत्रियों की जिम्मेदारी तय

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

22 साल से एमपी की सत्ता में काबिज बीजेपी अब अपने कार्यकर्ताओं की नाराजगी को दूर करने के लिए एक नई व्यवस्था शुरू करने जा रही है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश कार्यालय में सहयोग सेल की व्यवस्था शुरू की है। दरअसल प्रदेश कार्यालय में नेताओं कार्यकर्ताओं की भीड़ लग रही थी। इनमें कई ऐसे कार्यकर्ता भी भोपाल आ रहे थे जिनकी समस्याओं का निराकरण जिला स्तर पर ही हो सकता है। प्रदेश स्तर पर लगने वाली भीड़ को कम करने और कार्यकर्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए खंडेलवाल के निर्देश पर सहयोग सेल बनाने की शुरुआत की गई है। इस सहयोग सेल में प्रदेश संयोजक और जिला संयोजक नियुक्त किए जाएंगे। सहयोग सेल में रिटायर्ड आईएएस अफसर भी शामिल करने पर विचार चल रहा है।

### जिलों पदाधिकारियों के बैठने के दिन तय

खंडेलवाल के निर्देश पर भाजपा के जिला पदाधिकारियों के जिला कार्यालय में बैठने के दिन तय किए जा रहे हैं। जिला अध्यक्ष के लिए भी दिन तय किया जा रहा है कि जिला अध्यक्ष से लेकर कौन से जिला पदाधिकारी किस दिन कार्यालय में बैठकर आम लोगों और कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनेंगे।




### ऐसे काम करेगी सहयोग सेल

जिला कार्यालय में आने वाली समस्याएं यदि प्रशासनिक हैं तो उन्हें जिला प्रशासन और संबंधित विभागों में भेजकर समाधान कराया जाएगा। यदि किसी कार्यकर्ता की समस्या पार्टी संगठन से संबंधित है तो जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी उसका समाधान कराएंगे। जिन मामलों का निराकरण जिला स्तर पर नहीं हो पा रहा है तो ऐसे मामलों को प्रदेश कार्यालय की सहयोग सेल के पास भेजा जाएगा। इनमें प्रशासनिक समस्याएं और संगठन दोनों तरह के मामलों का निराकरण किया जाएगा।

### प्रदेश कार्यालय में रोज दो घंटे बैठ रहे मंत्री

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने मप्र सरकार के मंत्रियों के प्रदेश कार्यालय में बैठने का रोस्टर बनाया है। इस व्यवस्था में सोमवार से शुक्रवार तक एक मंत्री दोपहर एक बजे से तीन बजे तक प्रदेश कार्यालय में बैठकर कार्यकर्ताओं से संवाद करके उनकी समस्याएं सुन रहे हैं। अब सहयोग सेल के जरिए आने वाले मामलों को सुलझाने के लिए संबंधित विभागों के मंत्रियों और प्रदेश पदाधिकारियों की जवाबदारी तय की जाएगी।

### नेतृत्व-कार्यकर्ताओं के बीच का माध्यम बनेगी सेल

प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन द्वारा इस संबंध में सभी भाजपा जिला अध्यक्षों को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि यह सहयोग सेल पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के बीच संवाद, समन्वय एवं समस्याओं के समाधान का एक स्थायी माध्यम बनेगा।

### किन मामलों को मिलेगा सहयोग सेल के माध्यम से समाधान

पत्र के अनुसार, सहयोग सेल के अंतर्गत वही विषय प्रस्तुत किए जाएंगे जिनका समाधान जिला अथवा संभाग स्तर पर संभव न हो और जिनमें मंत्रीगण अथवा प्रदेश पदाधिकारियों के हस्तक्षेप की आवश्यकता हो। भोपाल आने वाले आगंतुकों के प्रशासनिक, विभागीय, जनहित से जुड़े एवं संगठनात्मक विषयों को निर्धारित प्रारूप, संक्षिप्त और तथ्यपरक रूप में संकलित किया जाएगा।

### समय-सारणी और अनुशासन पर जोर

निर्देशों में कहा है कि मंत्रीगण एवं प्रदेश पदाधिकारी प्रदेश कार्यालय में अपनी घोषित उपलब्धता, दिन और समय का अनिवार्य रूप से पालन करेंगे। किसी कार्यक्रम की तिथि या समय में परिवर्तन होने की स्थिति में पार्टी द्वारा सोशल मीडिया माध्यम से सूचना दी जाएगी।

### जिला स्तर पर समन्वय की नई व्यवस्था

सभी जिला अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वे 卐सहयोग सेल卐 से संबंधित संपूर्ण जानकारी जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं तक सुनिश्चित रूप से पहुंचाएं। इसके साथ ही प्रत्येक जिला अध्यक्ष अपने जिले से एक जिला सहयोग समन्वयक नामांकित करेंगे, जो प्रदेश कार्यालय से संपर्क, विषय निर्धारण, समन्वय एवं अनुवर्ती कार्यवाही का दायित्व निभाएगा।

### जिलों में परिवहन सेवा प्रबंधन के लिए सौंपे अधिकार

# एमपी यात्री परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर लिमि. प्रबंध संचालक होंगे सहायक क्षेत्रीय कंपनियों के पदेन अध्यक्ष

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश में लोक परिवहन सेवा शुरू करने के पहले राज्य सरकार ने जिलों में परिवहन सेवा प्रबंधन के लिए अधिकार सौंपे हैं। ग्वालियर चंबल संभाग के लिए परिवहन विभाग द्वारा एक नई कम्पनी के गठन की प्रक्रिया शुरू की गई है वहीं बाकी संभागों के लिए छह कम्पनियों के अलग-अलग क्षेत्र के आधार पर जिम्मेदारी सौंपी गई है।

परिवहन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रदेश में सार्वजनिक यात्री परिवहन सेवाओं पर कंट्रोल और प्रशासनिक एकरूपता को लेकर मध्य प्रदेश यात्री परिवहन और इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की प्रबंध संचालक को सहायक क्षेत्रीय कंपनियों का पदेन अध्यक्ष नॉमिनेट किया गया है। इसके माध्यम से क्षेत्रीय स्तर पर सार्वजनिक यात्री परिवहन सेवाओं पर प्रभावी प्रबंधन किया जा सकेगा। परिवहन विभाग के अनुसार भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड को भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के सभी जिलों, अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड को इंदौर संभाग के सभी जिलों और जबलपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड को जबलपुर संभाग के सभी जिलों के लिए पदेन अध्यक्ष नॉमिनेट किया गया है। इसी तरह उज्जैन सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड को उज्जैन संभाग के सभी जिलों, सागर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड को सागर संभाग की सभी जिलों, रीवा सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड को रीवा एवं शहडोल संभाग के सभी जिलों के लिए पदेन अध्यक्ष घोषित किया गया है। दूसरी ओर ग्वालियर और चंबल क्षेत्र की सभी जिलों के लिए एक नई कंपनी का गठन किया जा रहा है जिसकी प्रक्रिया चल रही है।



### कैबिनेट दे चुकी मंजूरी, 101 करोड़ की अंशपूंजी स्वीकृत

सरकार द्वारा यात्री परिवहन सेवा प्रारंभ करने के लिये 101 करोड़ 20 लाख रुपए की अंशपूंजी के रूप में स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। वर्तमान में मध्यप्रदेश के 20 शहरों में सार्वजनिक परिवहन के लिए कंपनी एक्ट के तहत स्क्क्ह्य गठित हैं, जिसमें से 16 कार्यरत हैं। सभी कंपनियों के साथ संभागीय कंपनी के रूप में मर्ज किये जाने का भी निर्णय लिया गया है।

### 7 कंपनियों के नियंत्रण के लिये राज्य स्तर पर होल्डिंग कंपनी

प्रदेश में परिवहन व्यवस्था के संचालन के लिए 7 कंपनियों पर नियंत्रण के लिये राज्य स्तर पर कंपनीज एक्ट 2013 के अंतर्गत एक होल्डिंग कंपनी का गठन करने का भी निर्णय लिया गया है। कैबिनेट मीटिंग में जिला स्तरीय यात्री परिवहन समिति के गठन की भी स्वीकृति प्रदान की गई है। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप पीपीपी से यात्री एवं बस ऑपरेटर के लिये सुविधाओं का? निर्माण किया जायेगा। बस संचालन एवं संधारण के लिये पीपीपी मोड प्रक्रिया से, निजी बस ऑपरेटर्स से संचालित किया जायेगा। परिवहन सेवा की निगरानी के लिए आईटी टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन की स्थापना करते हुए बस ऑपरेशन्स पर प्रभावी निगरानी रखी जायेगी।

### मुनाफा छुपाने का खेल

# बिजली कंपनी ने दिखाया 6044 करोड़ का काल्पनिक घाटा, दाम बढ़ाने की तैयारी

**जबलपुर, दोपहर मेट्रो**

बिजली कंपनियों ने प्रदेश में बिजली के दाम औसत 10.19 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव मप्र विद्युत नियामक आयोग को भेजा है। आयोग ने याचिका पर सुझाव और आपत्ति बुलाई है। इसमें बिजली विशेषज्ञों का दावा है कि बिजली कंपनी ने 6044 करोड़ का घाटा बताया है जबकि 9204 करोड़ रुपये के मनमाने आंकड़े आयोग के सामने रखकर इस घाटे को दर्शाया गया है ताकि बिजली की दर को बढ़ाया जा सके। बिजली मामलों के जानकार एडवोकेट राजेंद्र अग्रवाल ने आयोग को जो आपत्ति दी है उसमें दावा किया है कि 9204 करोड़ रुपये के आंकड़े गलत और तथ्यहीन है। विद्युत नियामक आयोग यदि इन आंकड़ों से जुड़े दस्तावेजों का परीक्षण करेगी तो निश्चित ही घाटे की जगह मुनाफा नजर आएगा।

सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि मप्र पावर मैनेजमेंट कंपनी काल्पनिक खर्च को बताकर बिजली कंपनियों का घाटा बताया है। उनके अनुसार पावर मैनेजमेंट कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2014-15 से 2022-23 तक की सत्यापन याचिका में खारिज 3450.63 करोड़ रुपये पूरक बिजली खरीदी लागत की पुनः असंवैधानिक मांग की गई है। इसके अलावा 832.96 करोड़ रुपये अन्य लागत जो कि स्टेशन आधार पर आवंटित नहीं की जा सकी थी उसकी असंवैधानिक मांग की है। राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि ताप गृह से बिजली खरीदी का व्यय अलग है लेकिन अन्य व्यय का एक मुश्त यह राशि क्यों और किस लिए मांगी गई इसका कोई ब्यौरा नहीं है। पूरक बिल के नाम पर 2185 करोड़ रुपये मांगा है जबकि मप्र विद्युत नियामक आयोग ने पहले ही साफ किया है कि पूर्ण वितरण दस्तावेज सहित प्रस्तुत नहीं करने पर यह राशि स्वीकृति नहीं होगी।

### उपभोक्ताओं से 696 करोड़ वसूली की तैयारी

अग्रवाल का कहना है कि विद्युत चोरी के कारण हुए नुकसान को उपभोक्ता से 696 करोड़ रुपये वसूल करने की तैयारी की गई है। इसके अलावा मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी पिछले दस साल की वार्षिक राजस्व आवश्यक्ता में पूंजीकरण में संसोधन के तहत 623 करोड़ के अवैधानिक मांग की है। वहीं याचिका में मप्र पावर मैनेजमेंट कंपनी का कार्य मात्र विद्युत वितरण कंपनी के लिए बिजली खरीद कर उपलबध कराना है किंतु मैनेजमेंट कंपनी समानांतर रूप से अवैधानिक रूप से बिजली खरीदी के लिए 438 करोड़ रुपये मांगे है।

### 25 जनवरी तक आपत्ति-सुझाव

मप्र विद्युत नियामक आयोग ने बिजली टैरिफ याचिका को लेकर 25 जनवरी तक आपत्ति और सुझाव आमंत्रित किए हैं। इसके बाद मप्र विद्युत नियामक आयोग आपत्ति और सुझाव के आधार पर प्रदेश के तीन शहर जबलपुर, भोपाल और इंदौर में जनसुनवाई का आयोजन करेगा।राजेंद्र अग्रवाल ने आयोग से मांग की है कि इस बार आनलाइन की बजाए फिजिकल जनसुनवाई की जाए ताकि लोग अपनी बात बेहतर तरीके से कह सके।

### आयकर विभाग की बेनामी विंग की कार्रवाई

# आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा का स्कूल अटैच, मां-चेतन और शरद को नोटिस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी भोपाल के मेंडोरी इलाके में दिसंबर 2024 में 52 किलो सोना और 11 करोड़ रुपए नकद उगलने वाली इनोवा कार मामले में आयकर विभाग की कार्रवाई आगे बढ़ रही है। इस प्रकरण में आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा से जुड़ी एक और बड़ी संपत्ति पर शिकंजा कसते हुए आयकर विभाग की बेनामी निषेध इकाई ने शाहपुरा स्थित एक स्कूल भवन को अस्थायी रूप से अटैच कर लिया है।



आयकर विभाग के अनुसार शाहपुरा भोपाल में करीब 7.5 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा यह स्कूल भवन राजमाता (भारतमाता) शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति भोपाल के नाम पर पंजीकृत है। इस ट्रस्ट में सौरभ शर्मा की मां उमा शर्मा, उनके सहयोगी चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल ट्रस्टी के रूप में दर्ज हैं। जांच में सामने आया है कि ट्रस्ट केवल बेनामीदार की भूमिका में था, जबकि संपत्ति का वास्तविक स्वामी सौरभ शर्मा है। बीपीयू द्वारा की गई जांच के बाद इस स्कूल भवन को बेनामी संपत्ति लेन-देन निषेध अधिनियम , 1988 के तहत बेनामी पाया गया। इसके आधार पर अधिनियम की धारा 24(3) के अंतर्गत स्कूल भवन को अस्थायी रूप से अटैच किया गया है। साथ ही बेनामीदारों और वास्तविक स्वामी को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।

# ओबीसी-एससी-एसटी का महाआंदोलन कल

**भोपाल।** ओबीसी-एससी-एसटी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में रविवार को भोपाल के गोविंदपुरा स्थित भेल दशहरा मैदान में सुबह 10 बजे से विशाल महाआंदोलन और महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें पदोन्नति में आरक्षण, बैकलॉग पदों पर भर्ती, ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण, सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों के क्रियान्वयन को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। इस महाआंदोलन को भीम आर्मी, जयस सहित अनेक सामाजिक व आदिवासी संगठनों का समर्थन प्राप्त है।

एक पत्रकार वार्ता में अपाक्स के संरक्षक इंजीनियर भुवनेश पटेल, अखिल भारतीय ओबीसी महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष तुलसीराम पटेल, अजाक्स के एसएल सूर्यवंशी, ओबीसी महासभा के कमलेंद्र सिंह, भीम आर्मी के सुनील बैरसिया, युवा छात्र संघ के प्रियंक जाटव और पिछड़ा वर्ग कल्याण परिषद के महामंत्री सीएस यादव ने डबल इंजन की भाजपा सरकार पर पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति विरोधी रवैया अपनाने का गंभीर आरोप लगाया। नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने दुर्भावनापूर्ण तरीके से आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्मा द्वारा किसी भी जाति, वर्ग या समाज के प्रति कोई आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं की गई थी।

दोपहर मेट्रो

### अफसरों के यहां कुक-नाई पुलिसकर्मियों की महाकाल को अर्जी

**पुलिसकर्मियों को प्रमोशन तो मिल रहा है, लेकिन उन्हें काम कुक, नाई, धोबी, मोची, स्वीपर के ही करने पड़ रहे**

# लिखा- वर्दी अपमान से झुकी हुई, बच्चे गुलाम न समझ ले, जनरल ड्यूटी में मर्ज करने की मांग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

***हमारी वर्दी आज अपमान से झुकी हुई है। हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे न कहें कि उनके पिता गुलाम हैं।*** ये अर्जी अफसरों की 'चाकरी' अर्दली व्यवस्था के विरोध में मध्य प्रदेश पुलिस के सिपाही-हवलदारों ने महाकाल के दरबार में लगाई है। मप्र में ऐसा पहली बार हुआ है, जब ट्रेड आरक्षक कैडर यानी कुक, नाई, धोबी, मोची, स्वीपर जैसे पुलिसकर्मियों ने सरकारी आदेशों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

मप्र पुलिस में ऐसे ट्रेड आरक्षक कैडर के 5500 पुलिसकर्मी हैं, जो आरक्षक जीडी जनरल ड्यूटी में संविलियन मर्ज की मांग कर रहे हैं। मुराद पूरी कराने उज्जैन महाकाल के दरबार में ऐसे पुलिसकर्मियों का प्रतिनिधि मंडल पहुंचा। पुलिसकर्मियों ने सामूहिक रूप से लिखित अर्जी महाकाल के चरणों में दी है।



**प्रमोशन के बाद भी स्वीपर का काम-** आरक्षक ट्रेड कैडर से भर्ती हुए ये पुलिसकर्मी तकरीबन 7 साल की सेवा पूरी कर जिला पुलिस के सहयोगी बनने के पात्र हो गए हैं। 12 साल से इनके जीडी में मर्ज पर रोक लगी है। पड़ोसी राज्यों में मर्ज कर बल की कमी पूरी की जा रही है। नतीजा ये है कि ट्रेड में भर्ती हुए इन पुलिसकर्मियों को प्रमोशन तो मिल रहा है, लेकिन उन्हें काम कुक, नाई, धोबी, मोची, स्वीपर के ही करने पड़ रहे हैं। इनमें कई तो ऐसे भी हैं, जो पदोन्नति पाकर सब इंस्पेक्टर स्तर तक पहुंच गए, लेकिन काम अफसरों के घर पर ही कर रहे हैं।

### डीजीपी नंदन दुबे ने 2012 में जारी किए थे आदेश

ट्रेड आरक्षकों ने महाकाल को दिए अपने पत्र में बताया है कि पहले मध्यप्रदेश में नियम जी.ओ.पी-57/93 के तहत 5 वर्ष की सेवा के बाद उन्हें जनरल ड्यूटीमें संविलियन किया जाता था। इससे वे फील्ड में कानून व्यवस्था संभालते थे। लेकिन वर्ष 2012 में निजी स्वार्थ के लिए अचानक जी.ओ.पी-57/93 बंद कर दी गई, जिससे 5500 जवान में से कई आज भी अफसरों की निजी सेवा में फंसे हुए हैं। ट्रेड आरक्षकों ने अपने पत्र में मुख्यमंत्री से सीधे नहीं, बल्कि बाबा महाकाल के दरबार में प्रार्थना पत्र शिवलिंग पर समर्पित कर मुख्यमंत्री के हृदय में करुणा जगाने की गुहार लगाई है।

## बदलेगा ग्लोबल ट्रेड गेम

भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। यह डील दोनों ही पक्षों के लिए जरूरी है, इससे व्यापार में संतुलन आएगा और अमेरिकी टैरिफ के दबाव से निपटने में मदद मिलेगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि 27 तारीख को भारत-ईयू सम्मेलन के दौरान डील फाइनल हो जाएगी।

**लंबा इंतजार :** इस करार के लिए दोनों पक्षों ने लंबा इंतजार किया है। बरसों की धैर्यपूर्ण बातचीत के बाद अब जाकर 24 में से 20 चैप्टर पर सहमति बनी है और बाकियों को लेकर भी उम्मीदें प्रबल हैं। 9 साल की रुकावट के बाद जून 2022 में इस डील पर दोबारा वार्ता शुरू हुई थी। इसे अंजाम तक पहुंचाने का यह सबसे सही मौका है, जब भारत और यूरोपीय यूनियन - दोनों ही व्यापार में अमेरिका और चीन से मिलती चुनौती का सामना कर रहे हैं।

**व्यापार बढ़ेगा :** गुड्स में भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर ईयू है। 2024-25 में दोनों के बीच 136.53 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ था। भारत ने 75.85 बिलियन डॉलर का निर्यात, जबकि 60.68 अरब डॉलर का आयात किया। भारत के कुल निर्यात का करीब 17 प्रतिशत यूरोप के बाजार में पहुंचता है। ट्रेड डील के बाद ज्यादातर सामान टैरिफ के दायरे से बाहर होगा, तो व्यापार बढ़ने की उम्मीद है। पेट्रोलियम प्रॉडक्ट्स, टेक्सटाइल, मशीनरी, जूलरी, फार्मा सेक्टर को बूस्ट मिल सकता है - नए निवेश का रास्ता खुलेगा।

**अमेरिका से बातचीत :** ग्लोबल जियो-पॉलिटिक्स को देखते हुए भारत को अपने व्यापार साझेदारों में विविधता चाहिए। अच्छी बात है कि सरकार लगातार इस दिशा में काम कर रही है। पिछले साल ब्रिटेन, ओमान और ईएफटीए के साथ ट्रेड डील फाइनल हुई थी। ईयू के साथ-साथ नजरें अमेरिका संग चल रही वार्ता पर भी हैं। कुछ तल्ख बयानबाजी के बाद नई दिल्ली-वॉशिंगटन के बीच वार्ता फिर से पटरी पर आती दिख रही है, जिसे अच्छी खबर कहा जाएगा। ईयू डील का असर भी अमेरिका से चल रही बातचीत पर पड़ सकता है।

**चीन को जवाब:** अमेरिका की अस्थिर नीतियों की वजह से भारत और यूरोप, दोनों को ही नए मजबूत दोस्तों की जरूरत है। इसके अलावा एक बड़ी साझा चुनौती चीन की है। दोनों का ही पेइचिंग के साथ व्यापार घाटा रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। चीन की वजह से भारत और यूरोप के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में गिरावट आई है। दोनों एक-दूसरे का साथ देकर इस ट्रेड डेफिसिट को पाटने में मदद कर सकते हैं।

# ईरान में हो रही बगावत, इस्लामिक साम्राज्यवाद के विरुद्ध उठ खड़ी हुई सभ्यता

प्रणय विक्रम सिंह
स्तंभकार



ईरान में आज जो घट रहा है, वह किसी एक मुल्क की सियासी हलचल नहीं, यह इतिहास की छाती पर उठती हुई एक सभ्यतागत बगावत है। यह उस पूरी दुनिया के लिए चेतावनी है, जिसे यह समझा दिया गया था कि मजहबी सत्ता ढांचे हमेशा के लिए समाजों की आत्मा पर कब्जा कर सकते हैं। नहीं, जब किसी कौम की तारीख, तहजीब और इंसानी आजादी को कुचला जाता है, तो इन्कलाब लाजिमी हो जाता है।

ईरान आज इस इन्कलाब की अग्रिम चौकी है। दशकों तक जिस इस्लामवादी सत्ता-व्यवस्था ने शरीयत, डर और वैचारिक निगरानी से जिंदगियों को जकड़े रखा, वही आज अपने ही अवाम की जागी हुई चेतना से घिर चुकी है। यह बगावत हमें यह याद दिलाती है कि किसी भी क़ौम का डीएनए मिटाया नहीं जा सकता। ईरान का डीएनए पर्शिया है। साइरस की सहिष्णुता, जरतुस्त्र की नैतिक ज्वाला और अवेस्ता की रूह हर कोने में समाई है। अरब से आई इस्लामवादी सत्ता-रचना ने इस पहचान पर परदे डाले, प्रतीकों को बदला, स्मृतियों को हाशिए पर धकेला मगर उसे बुझा नहीं सकी। आज वही भूली-बिसरी स्मृति फिर दहक रही है। अफगानिस्तान से लेकर मिस्र और यूरोप तक सवाल गूंज रहा है कि क्या मजहबी पहचान सभ्यतागत पहचान से बड़ी हो सकती है?



इस्लामवादी साम्राज्यवाद ने पर्शिया को ईरान बनाया और इस बदलाव में केवल नाम नहीं बदला, एक सभ्यता को परदे के पीछे धकेल दिया गया। पर्शिया वह धरती थी जहां नैतिकता, सहिष्णुता और मानवीय गरिमा राज्य-दृष्टि का आधार थीं। सत्ता-रूप में उभरी मजहबी विचारधारा ने इस प्राचीन पहचान को पूर्व-इस्लामी कहकर संदिग्ध बनाया। भाषा बदली, प्रतीक बदले, इतिहास की किताबों से स्मृति छीनी गई। आज ईरान की सड़कों पर उठती आग उसी दबाई गई पर्शियन आत्मा की पुकार है कि हम वही हैं जो थे। हमारी रूह को नाम बदल कर मिटाया नहीं जा सकता। दरअसल, इस्लामी साम्राज्यवाद की बर्बरता उसकी आस्था, उसके सत्ता-रूप में दिखाई देती है। इतिहास गवाह है कि जब 'मजहब' तलवार बनकर सभ्यताओं पर टूटा, तब नगर उजड़े, पुस्तकालय जले, मंदिर-प्रतिमाएं तोड़ी गईं, भाषाएं हाशिये पर डाली गईं और स्त्रियों की देह को नियंत्रण का मैदान बनाया गया। इनके द्वारा विविधता को 'कुफ्र', स्मृति को 'जाहिलियत' और असहमति को 'बगावत' कहकर कुचला गया। इस साम्राज्यवादी विस्तार ने संवाद नहीं, दहशत रची, आस्था नहीं, आज्ञाकारिता मांगी और न्याय नहीं, अधीनता थोपी। इतिहास गवाह है कि 'मजहबी' अंधड़ ने इंसान से उसकी जड़ें, उसकी भाषा, उसकी कला और उसकी गरिमा छीनने की कोशिश की और वहीं से प्रतिरोध की नैतिक जरूरत जन्मी। यहां यह समझना जरूरी है कि इस्लामवाद यानी मजहब का सत्ता-रूप अक्सर सभ्यता से टकराता है। उसकी भाषा द्वैत रचती है 'काफ़िर' और 'मोमिन', 'दारुल-इस्लाम' और 'दारुल-हरब'। इस दृष्टि में स्थानीय परंपराएं, स्त्री की स्वतंत्रता, कला, स्मृति और विविधता संदेह के घेरे में आ जाती हैं। जहां यह वैचारिक कठोरता सत्ता बनती है, वहां इंसान अपनी जड़ों से काटा जाता है। यह धर्म नहीं विचारधारा का कब्जा है। इसीलिए जब ईरान की बेटियां सरे-आम बुर्क़ा जलाती हैं, तो वे कपड़ा नहीं डर और नियंत्रण को आग लगाती हैं।

वस्तुतः यह केवल स्त्री-अधिकार का एलान नहीं, यह उस देह पर थोपे गए मजहबी पहरे के खिलाफ खुली बगावत है। तेहरान की यह लपटें काबुल, कराची और गाजा तक जमीरों को झकझोर रही हैं। और जब शेर और अग्नि वाला पुराना फारसी झंडा फिर से उठता है, तो वह अरब-केंद्रित इस्लामवादी पहचान के विरुद्ध सभ्यता की चुनौती बन जाता है। वह तुर्की, मध्य एशिया और उत्तर अफ्रीका तक फैले समाजों को उनकी-उनकी भूली हुई सभ्यताओं की याद दिला रहा है।

यह जंग किसी आस्था से नहीं इस्लामवादी अधिनायकवाद से है। यह ऐलान है कि मजहब निजी है, मगर सभ्यता जनता की। और जब कोई मजहबी सत्ता सभ्यता को निगलने बढ़े, तो रहम नहीं बगावत उसका जवाब होती है। ऐसे में आज ईरान केवल एक देश नहीं, एक दर्पण बन चुका है और दुनिया उसके सामने खड़ी दर्शक। इस दर्पण में हर समाज अपनी शक्ल देख सकता है, कहीं दबाई गई स्मृतियां, कहीं कुचली गई अस्मिताएं, कहीं थोपे गए मजहबी पहरे। सवाल यह नहीं कि ईरान में क्या हो रहा है! सवाल यह है कि दुनिया उस प्रतिबिंब को देखकर क्या करेगी? नजर चुराएगी या सच स्वीकार करेगी। क्योंकि जब कोई सभ्यता अपने भीतर झांक लेती है, तब इतिहास दर्शक नहीं रहता, भागीदार बन जाता है। ईरान की यह आग इसलिए महज तेहरान की नहीं यह वैश्विक जमीर की दहकती मशाल है।

**-यह लेखक के अपने विचार हैं।**

# बेशुमार दौलत कमाने का सपना और युवाओं को साइबर स्लेवरी में धकेलते कबूतरबाज़

मनोज कुमार अग्रवाल
स्तंभकार



विदेश मे जाकर नौकरी रोजगार कर बेशुमार दौलत कमाने का सपना किसे अच्छा नही लगता है? अच्छे पैसे कमाए और बेहतर जीवन जीने की अभिलाषा कबूतर बाज एजेंटों के जाल में फंस कर जीवन बर्बाद कर रही है । इन एजेंटों के दिखाए सब्जबाग में अपने सुखद भविष्य के सपने संजोकर अनेक युवा किसी भी तरीके से विदेश पहुंचने की कोशिश करते रहते हैं परंतु उनमें से अनेक युवक जालसाज ट्रैवल एजेंटों के हाथों ठगी का शिकार हो रहे हैं जिनकी मात्र इसी महीने के 4 दिनों में सामने आई घटनाएं निम्न में दर्ज हैं :

14 जनवरी मेरठ शहर के आजाद चौक व कांधला क्षेत्र के छह युवकों को सिंगापुर और मलेशिया में मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी का झांसा देकर 26 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। यही नहीं, दो युवकों को फर्जी कागजात के आधार पर मलेशिया भेज दिया गया, जहां उन्हें 15 दिन तक बंधक बनाकर रखा गया। तीन जनवरी को दोनों युवक किसी तरह भारत लौटे। पीड़ितों ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। एसपी ने मामले की जांच शुरू करा दी है।



14 जनवरी नोएडा पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं को ठगने और साइबर अपराधियों के हवाले करने वाले फर्जी एजेंट शुभम को गिरफ्तार किया है। आरोपी सोशल मीडिया के जरिए पीड़ितों से पैसे वसूल करता था और उन्हें थाईलैंड, म्यांमार में साइबर स्लेवरी में फंसा देता था। पुलिस आरोपी के नेटवर्क और अन्य सहयोगियों की गहन जांच कर रही है। 14 जनवरी को ही दुबई में फंसे उत्तराखंड रुद्रपुर के चार युवकों ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर पुलिस से गुहार लगाई है। जिसके बाद एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने मामले की जांच सौंपते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। 4 जनवरी, 2026 को सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) में एक एजेंट द्वारा विदेश जाने के इच्छुक युवक को अमरीका पहुंचाने का वायदा करके उससे 60 लाख रुपयों की ठगी करने का मामला सामने आया। शिकायतकर्त्ता के अनुसार पहले उसे दुबई ले जाया गया और वहां से अजरबैजान भेज दिया। 6 जनवरी को जम्मू में अनिल किशोर नामक एक पीड़ित ने एक ट्रैवल एजैंट मां-बेटे के विरुद्ध शिकायत दर्ज करवाई कि आरोपियों ने उसे कम्बोडिया का वर्क वीजा दिलाने के नाम पर उससे 1.20 लाख रुपए लिए थे परंतु न तो वीजा दिलवाया और न ही रकम वापस की गई।

6 जनवरी को ही नवादा (बिहार) में एजाजुल हसन नामक युवक ने विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 1 लाख 30 हजार रुपए ठगने के आरोप में ठग ट्रैवल एजैंट के विरुद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

6 जनवरी को ही फतेहपुर (उत्तर प्रदेश) में एक युवक को विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे 1.40 लाख रुपए ठग लेने के आरोप में एक ठग ट्रैवल एजैंट को गिरफ्तार किया गया।

7 जनवरी को हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) के भोरंज में विदेश में नौकरी दिलवाने के नाम पर एक युवक से ठगी का मामला सामने आया। आरोप है कि बोगस ठग ट्रैवल एजैंट ने उक्त युवक को थाईलैंड में अच्छी नौकरी दिलवाने का लालच देकर वहां भेजने की बजाय म्यांमार भेज दिया।

7 जनवरी को ही एक व्यक्ति ने चंडीगढ़ के सैक्टर 17 थाने में कनाडा का वर्क परमिट दिलाने का झांसा देकर उससे 18 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में एक ट्रैवल एजैंट के विरुद्ध शिकायत दर्ज करवाई।

7 जनवरी को ही पंचकूला (हरियाणा) में एंटी इमीग्रेशन फ्राड यूनिट ने शिकायतकर्ता को स्टडी वीजा दिलाने का झांसा देकर उससे 13 लाख रुपए ठग लेने के आरोप में एक बोगस ट्रैवल एजैंट को गिरफ्तार किया।

7 जनवरी को ही कौशाम्बी (उत्तर प्रदेश) में एक व्यक्ति को विदेश भेजने के बहाने उससे 60,000 रुपए ठग लेने के आरोप में पुलिस ने एक ठग ट्रैवल एजेंट के विरुद्ध केस दर्ज किया। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी ने उसे विदेश नहीं भेजा और अपने पैसे वापस मांगने पर गंभीर परिणामों की धमकियां देनी शुरू कर दीं।

7 जनवरी को ही प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) में एक युवक को सऊदी अरब में नौकरी दिलवाने के बहाने एक ट्रैवल एजैंट द्वारा उससे 1.25 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया। आरोपी ने न तो उसे वीजा दिलवाया और न ही नौकरी दिलवाई तथा बाद में उसका फोन उठाना भी बंद कर दिया।

7 जनवरी को ही गोपालगंज (बिहार) में पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने छापेमारी करके विदेश में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर लोगों को ठगने वाले एक फर्जी ट्रैवल एजेंट मृत्युंजय सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 349 भारतीय पासपोर्ट बरामद किए।

ये तो सिर्फ चंद घटनाओं की बानगी है आजकल रोजाना सैकड़ों युवाओं से विदेश में पढ़ाई रोजगार के नाम पर ठगी का बड़ा धंधा चल रहा है


ऐसी घटनाओं के दृष्टिगत जरूरी है कि विदेश जाने के इच्छुक लोग पहले संबंधित कम्पनी, एजेंट और दस्तावेजों की पूरी जांच-पड़ताल अवश्य करें और केवल अधिकृत एवं पंजीकृत एजेंटों के माध्यमों से ही विदेश जाएं। इमीग्रेशन नियमों में हो रही सख्ती और बिगड़ रही अर्थव्यवस्था के कारण वैसे भी विदेश में बसना मुश्किल हो गया है। कनाडा और अमरीका के अलावा यूरोप में भी इमीग्रेशन कानून सख्त हो रहे हैं।

अतः जितनी रकम माता-पिता अपने बच्चों को विदेश भेजने पर खर्च करते हैं, उतनी ही रकम भारत में खर्च करके वे अपने बच्चों को अच्छा कारोबार शुरू करवा दें ताकि वे अपने साथ-साथ दूसरों के लिए भी रोजगार व आय के साधन पैदा करके देश में बेरोजगारी दूर कर सकें।जरा सा असावधानी से न सिर्फ माँ बाप के खून पसीने की कमाई जालसाज हड़प लेंगे वरन विदेश पहुच कर साइबर स्लेवरी के शिकार भी बन सकते हैं वहा हजारों पढे लिखे नौजवान संडास की सफाई और जबरन युद्ध के मैदान मे भी उतार दिए गए हैं जिस कारण उनका सुरक्षित वापस लौटना भी भगवान भरोसे है।

**-यह लेखक के अपने विचार हैं।**

## हेल्थ अलर्ट

# आंखों के नीचे पीले धब्बे दिखें तो हो सकता है हाई कोलेस्ट्रॉल का लक्षण



कोलेस्ट्रॉल एक तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या है जिससे बहुत से लोग परेशान हैं। यह एक मोमी चिपचिपा पदार्थ होता है जो खून की नसों में इकठ्ठा होता है। इसका लेवल बढ़ने से नसों में ब्लॉकेज हो सकती है और हार्ट अटैक हो सकता है। बहुत ज्यादा मीठा, तेल वाला खाना, एक्सरसाइज नहीं करना, फाइबर नहीं खाना, शराब और स्मोकिंग आदि की वजह से शरीर में इसकी मात्रा बढ़ती रहती है।

थोड़ा बहुत अच्छा कोलेस्ट्रॉल शरीर के कामकाज के लिए ठीक है लेकिन इसका लेवल बढ़ने से आपको खून की नसों में ब्लॉकेज होना, दिल की बीमारियां, हार्ट अटैक और स्ट्रोक समेत अनगिनत बीमारियां हो सकती हैं। नॉर्मली कोलेस्ट्रॉल लेवल 100 mg/dL से नीचे होना चाहिए। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के मुख्य कारणों में जेनेटिक्स, डाइट और फिजिकल एक्टिविटी की कमी जैसे कारण हैं। डॉक्टर दिव्या मरीना फर्नांडिस, कंसल्टेंट-हार्ट फेल्योर स्पेशलिस्ट व इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, एस्टर आरवी हॉस्पिटल के अनुसार, आमतौर पर हाई कोलेस्ट्रॉल के कोई सीधे और साफ लक्षण नहीं दिखते। ज्यादातर लोगों को तब तक पता ही नहीं चलता, जब तक जांच न कराई जाए। हालांकि कुछ लोगों में लंबे समय तक कोलेस्ट्रॉल बढ़ा रहने पर चेहरे पर कुछ संकेत दिख सकते हैं।

जैंथेलाज़्माः हाई कोलेस्ट्रॉल का सबसे आम और साफ दिखने वाला संकेत ज़ैंथेलाज़्मा (Xanthelasma) है। कई लोगों को पलकों के ऊपर या आसपास पीले रंग की, नरम और बिना दर्द की गांठें या चकत्ते दिखते हैं। ये त्वचा के नीचे जमा कोलेस्ट्रॉल होते हैं। यह समस्या कम उम्र के लोगों में भी दिख सकती है, खासकर जिनमें जेनेटिक हाई कोलेस्ट्रॉल होता है।

**कॉर्नियल आर्कसः** कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का एक और संकेत कॉर्नियल आर्कस (Corneal Arcus) है। इसमें आंख की पुतली के चारों ओर सफेद, धूसर या नीले रंग की गोल रिंग बन जाती है। बुजुर्गों में यह उम्र के साथ नॉर्मल हो सकता है लेकिन 45 साल से कम उम्र के लोगों में इसका दिखना बहुत ज्यादा कोलेस्ट्रॉल का संकेत हो सकता है। कुछ लोगों में हाई कोलेस्ट्रॉल के लक्षण ज़ैंथोमा (Xanthomas) के रूप में प्रकट होते हैं। इस कंडीशन में चेहरे, गालों या आंखों के आसपास छोटे-छोटे पीले उभार होते हैं, जो फैट जमा होने की वजह से बनते हैं। यह भी हाई कोलेस्ट्रॉल से जुड़ा संकेत माना जाता है।

## सुविचार

किसी विचार को स्वीकार किए बिना
उसे मन में धारण कर पाना ही
शिक्षित मस्तिष्क की निशानी है।
-अज्ञात

## निशाना

### निंदा रस महराज..!



चौ. मदन मोहन समर

भोर, सांझ, दिन आध में, निंदा रस का पान।
कभी इसे मत छोड़ना, घर हो या शमशान।
रस का राजा जो रहे, निंदा रस महराज।
बिन पंखों बिन पैर के, इसकी हर परवाज।
दफ्तर, टेशन, मंच पर , इसका रखो वजूद।
टांग फसाने बीच मे, तुम भी जाओ कूद।
बिन निंदा क्या जिंदगी, बिन निंदा क्या ठाठ।
बिन निंदा हमसे भले, पत्थर, कांटे , काठ।
उसे बख़्श दो साथ मे, बैठा भागीदार।
उठते ही उस पर करो, इस रस की बौछार।
अपच समूची दूर हो, कुंठा का उद्धार।
निंदा रस रसना धरे, हुआ कलेजा ठार।
पोजिशन परफेक्ट हो, महफ़िल के हो ताज़।
इस रस के दो पैग से, दिन का हो आगाज़।

## AI अपडेट

# न कोई स्क्रिप्ट थी न ही बाहरी बाहरी कंट्रोल इंसानों की तरह आपस में बात करते रहे दो रोबोट

क्या आप सोच सकते हैं कि दो रोबोट आपस में घंटों बातें करें? एक रिपोर्ट के अनुसार, Realbotix कंपनी ने यह करके दिखाया है। उनके दो ह्यूमनॉइड रोबोट्स Aria और David लगभग दो घंटों तक लगातार बातचीत करते रहे। बड़ी बात यह है इस पूरे प्रोसेस में किसी भी इंसान का कोई दखल नहीं था। इसमें न किसी स्क्रिप्ट का इस्तेमाल किया गया और न हीं किसी ने रोबोट्स को दूर से कंट्रोल किया। इतना ही नहीं इन रोबोट्स ने बातचीत के लिए इंटरनेट का भी इस्तेमाल नहीं किया।



रोबोट Aria और David ने बातचीत सिर्फ इंग्लिश में ही नहीं की। उनकी बातचीत स्पेनिश, फ्रेंच और जर्मन में भी जारी रही। बातचीत का तरीका वैसा ही था, जैसा कि इंसानों का होता है। बातचीत के दौरान एक रोबोट कहता सुनाई दिया कि 'न कॉफी का असर, न अजीब खामोशी, बस सिलिकॉन का करिश्मा।' रिपोर्ट के अनुसार इस बातचीत में कई तरह की रुकावटें भी आईं जैसे कि आवाज में उतार-चढ़ाव था और पेसिंग एक सी नहीं थी। इसके अलावा यह रोबोट्स बिना चहरे के हाव-भाव के दिखाई दिए।

**इंसानों के साथ इंटरैक्शनः** Realbotix ने एक कदम और आगे बढ़ते हुए तीसरे रोबोट के साथ यह भी दिखाया कि वह इंसानों से कैसे बात कर सकता है। इस रोबोट की आंखों में खास विजन सिस्टम लगा था, जो लोगों को पहचान सकता था, उन्हें ट्रैक कर सकता था और उनकी आवाज और चेहरे के भाव से उनकी भावनाओं को समझ सकता था। लोगों से बात करते हुए यह रोबोट लोगों को पहचान भी पा रहा था और नैचुरल तरीके से बात कर रहा था। इस डेमो से पता चला कि रोबोट्स के रियल टाइम में लोगों को समझने और उनसे बात करने में क्या तरक्की हुई है। इसे लेकर कंपनी का कहना है कि उनकी पेटेंटेड टेक्नोलॉजी कस्टमर सर्विस और मनोरंजन में काम आ सकती है।

इस बातचीत के मायनेः Realbotix के रोबोट्स की खासियत थी कि उन्हें असल दुनिया में लोगों के बीच टेस्ट किया गया। ऐसे मामलों में ज्यादातर सब कंट्रोल्ड एनवायरनमेंट में होता है या स्क्रिप्टेड होता है। यही वजह थी कि उनके रोबोट्स में कई खामियां भी दिखीं। हालांकि यही बात इन रोबोट्स को खास बनाती है। इनसे पता चलता है कि फिलहाल ऑटोनॉमस रोबोट्स का व्यवहार

## सर्विस क्लास - क्लेम गाइड

# नई तकनीक से सर्विस वेरिफिकेशन , प्राइवेट नौकरी वालों का अब नहीं अटकेगा पीएफ

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के करोड़ों सब्सक्राइबर्स के लिए अच्छी खबर है। ईपीएफओ अपने सदस्यों को बड़ी राहत देने जा रहा है। संगठन एडवांस या फाइनल क्लेम करते समय पुराने सर्विस रेकॉर्ड को वेरिफाई करने में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), ब्लॉकचेन और मशीन लर्निंग (ML) जैसी नई तकनीकों का इस्तेमाल करने की तैयारी में है। इससे सदस्यों के रेकॉर्ड की प्रामाणिकता की जांच की जा सकेगी।





एक अधिकारी ने बताया, 'जो लोग UAN सिस्टम शुरू होने से पहले EPFO से जुड़े थे, उन्हें अक्सर अपने पुराने सर्विस रेकॉर्ड को वेरिफाई करने में परेशानी होती है। इसकी कई वजहें हो सकती हैं, जैसे कंपनी बंद हो जाना या कागजात का ठीक से न होना। इस समस्या को हल करने के लिए, नई तकनीकों का इस्तेमाल करने और ऐसे मॉडल बनाने की योजना है जो क्लेम और सदस्य की प्रामाणिकता के बारे में निष्कर्ष निकालने में मदद कर सकें।

इन एडवांस तकनीकों का इस्तेमाल उन सदस्यों की मदद करेगा जो अपने अलग-अलग जगहों पर काम करने के कारण अपने कई मेंबर अकाउंट्स को यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (UAN) से मर्ज नहीं कर पाते। रेकॉर्ड में अनियमितताओं के कारण ऐसा होता है। इसके अलावा ये तकनीकें उन सदस्यों के लिए भी फायदेमंद होंगी जो इनऑपरेटिव अकाउंट्स का क्लेम करना चाहते हैं।

2014 में शुरू हुआ 12 अंकों का UAN एक यूनिक पहचान नंबर है। यह अलग-अलग एम्प्लॉयर्स से मिले सभी मेंबर आईडी के लिए एक छाते की तरह काम करता है। इससे सदस्य अपने पूरे करियर के दौरान अपने सभी प्रोविडेंट फंड से जुड़े योगदानों को एक ही नंबर के तहत मैनेज कर सकते हैं। इससे PF को ट्रैक करना, ट्रांसफर करना और ऑनलाइन एक्सेस करना आसान हो जाता है। नए सदस्यों के लिए भी यह अपने अकाउंट्स को पोर्ट करना आसान बनाता है क्योंकि यह UAN से जुड़ा होता है।

**पेंशन अकाउंट में भी जाता है पैसा :** सरकार के लेटेस्ट आंकड़ों के मुताबिक मार्च 2024 तक 20.3 करोड़ ह अलॉट किए जा चुके थे, जबकि 30 करोड़ से ज्यादा मेंबर अकाउंट्स थे। इनमें से 7.3 करोड़ UAN एक्टिव रूप से रिटायरमेंट फंड बॉडी में योगदान कर रहे हैं। प्राइवेट जॉब करने वाले वर्कर्स के मूल वेतन में से 12 फीसदी उनके पीएफ अकाउंट में जाता है। इसी तरह एम्प्लॉयर के हिस्से के 12 फीसदी में से 3.67% पेंशन फंड में और 8.33% हिस्सा कर्मचारी के पीएफ अकाउंट में जाता है।

## न्यूज विंडो

### राष्ट्रीय फुटबाल प्रतियोगिता में खेलेंगी सिरोंज की आकांक्षा



**सिरोंज।** मणिपुर में होने वाली राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता में सिरोंज की छात्रा आंकाक्षा अहिरवार का चयन हुआ है। शुक्रवार को वे अपने खेल शिक्षक जमशेद खान के साथ सिरोंज से रवाना हुई। खेल शिक्षक जमशेद खान ने बताया कि 69वीं अंडर 19 शालेय राष्ट्रीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 28 जनवरी के बीच मणिपुर के इंफाल में होना है। इस प्रतियोगिता में शामिल होने वाली मध्यप्रदेश की टीम में आंकाक्षा का चयन हुआ है। इसके पहले 16 जनवरी से प्रतियोगिता का नेशनल कैंप लगेगा। शुक्रवार को आकांक्षा इसी कैम्प में शामिल होने के लिए रवाना हुई। इसके बाद कैम्प स्थल से ही वे मध्यप्रदेश की टीम के साथ मणिपुर रवाना हो जाएंगी। मणिपुर में यह प्रतियोगिता खुमान लंपक स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में सम्पन्न होगी। शुक्रवार को आकांक्षा के उत्साहवर्द्धन के लिए सिरोंज के शिक्षकों का दल भी बस स्टैंड पर पहुंचा।

### शिव महापुराण कथा को लेकर नगर में निकली कलश यात्रा



**गंजबासौदा।** सावरकर चौक धनुषधारी मंदिर प्रांगण में होने वाली शिव महापुराण कथा के पहले एक कलश यात्रा निकाली गई जो वैदिक मंत्रोच्चार और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ शुरू हुई। कलश यात्रा शीतला माता मंदिर में पूजा के बाद प्रारंभ हुई। बैंड-बाजे और ढोल-धमाकों के साथ निकली इस यात्रा का शहर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में महिलाएं और युवतियां सिर पर कलश धारण कर चल रही थीं। कलश यात्रा प्रमुख मार्गों से होते हुए कथास्थल सावरकर चौक धनुषधारी मंदिर मंदिर प्रांगण कथा स्थल तक पहुंची यहां कलश स्थापना के साथ कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। कथा के दौरान रुद्राक्ष वितरण के साथ शिव-पार्वती और गणेश विवाह प्रसंग भी आयोजित किए जाएंगे। पहले दिन कथावाचक आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया ने शिवोपासना का महत्व बताते पौराणिक मान्यता के अनुसार, कलश के मुख में विष्णु, कंठ में महेश, मूल में ब्रह्मा तथा कलश के मध्य में देवी की शक्तियों का वास होता है। अतः कलश को देवताओं और तीर्थ स्थानों आदि की शक्तियों के प्रतीकात्मक रूप में स्थापित किया जाता है।

### विधायक ने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर बच्चों को बांटे गर्म कपड़े और लड्डू



**गंजबासौदा।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर विधायक हरिसिंह रघुवंशी की उपस्थिति में मंडी प्रतिनिधि तरवर सिंह रघुवंशी, अनाज तिलहन संघ के संरक्षक महेश अग्रवाल, अध्यक्ष सतीश जैन कटारे, महामंत्री अमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुखजीत सिंह काके, कीर्ति ओसवाल मनोहर साहू, राजेंद्र जैन किरवाय, जयेश शाह, शरद साहू, राकेश गुप्ता, सुमित अग्रवाल, प्रकाश रघुवंशी, मनोज मुंदडा ,बाबू अग्रवाल और गणमान्य व्यक्तियों ने मिलकर आदिवासी गांव गमोली, गमाखर में एक कार्यक्रम आयोजित किया। ह जिसमें ग्राम वासियों के लिए कंबल, बच्चों के लिए गर्म टोपे और लड्डू वितरित किए जिससे सभी के चेहरे पर खुशी और मुस्कान आ गई। मनोज मूंदड़ा द्वारा भगवान के भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई। जिससे माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। यह आयोजन दिखाता है कि कैसे जनप्रतिनिधि और स्थानीय नेता मिलकर ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं और लोगों के जीवन में खुशी और उत्साह भर सकते हैं।

### नाले में गिरी पोकलेन निकालने में 50 हजार खर्च, सुधरवाने में लगेंगे दो लाख



**सिरोंज।** मोमिनपुरा मस्जिद के नाले में गिरी पोकलेन मशीन एक सप्ताह की मशक्कत के बाद शाम को निकल गई। इसके लिए तीन हाइड्रा का उपयोग करना पड़ा। मोमिनपुरा मस्जिद के समीप स्थित नाले सफाई के लिए एक सप्ताह पहले पोकलेन मशीन पहुंची थी। सफाई कार्य के दौरान ही यह मशीन नाले में गिर गई। इसके बाद से ही ठेकेदार द्वारा इस मशीन को निकालने के लगातार प्रयास किए जा रहे थे। शुरूआत में मशीन को निकालने के लिए जेसीबी का उपयोग किया गया। इस प्रक्रिया में एक दर्जन मजदूर दो दिन तक लगातार मशक्कत करते दिखाई दिए। मशीन को निकालने की मशक्कत शुरू हुई। बुधवार को मिले सबक के बाद शुक्रवार को पोकलेन को निकालने के लिए तीन हाइड्रा मशीनों को बुलाया गया। इनमें दो मशीनों को सतखनी और घेतल गली तरफ के हिस्से पर खड़ा कर पोकलेन के आगे लगाया गया। पोकलेन माशीन को निकालने में करीब 50 हजार रुपए का खर्च हुआ और उसे सुधरवाने में करीब दो लाख रुपए का खर्च आएगा।

### गिरोह के 5 आरोपी गिरफ्तार, जेसीबी बरामद

**धार।** कानवन पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चोरी गई 25 लाख रुपये कीमत की जेसीबी बरामद कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में हरियाणा और मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से जुड़े 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीन अन्य फरार साथियों की तलाश जारी है। बीते 7 अगस्त को फरियादी अनिकेत राठौड़ कानवन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी जेसीबी जो रोजाना की तरह भोईन्दा फाटा स्थित पेट्रोल पंप पर खड़ी थी, रात में अज्ञात बदमाश चुरा ले गए। पुलिस ने घेराबंदी कर बेटमा के पास आरोपियों को दबोचा, जो जेसीबी को कंटेनर में भरकर ले जा रहे थे। पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह गिरोह वाहनों की नंबर प्लेट बदलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था।

# दूषित पानी की सप्लाई पर जनता में आक्रोश, बोले-बच्चे हो रहे बीमार

**अजय आहूजा। मंडीदीप**



नगर पालिका के वार्ड नंबर 01 स्थित महावीर नगर कॉलोनी में लंबे समय से चली आ रही गंदे पानी की सप्लाई की समस्या ने स्थानीय निवासियों का धैर्य खत्म कर दिया है। बड़ी संख्या में कॉलोनी के निवासियों ने मुख्य सड़क पर एकत्र होकर जोरदार प्रदर्शन किया और वार्ड पार्षद एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष पुष्पा प्रेमशंकर साहू के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने न केवल पार्षद पर कॉलोनी की अनदेखी का आरोप लगाया, बल्कि नगर पालिका अध्यक्ष पर भी गंभीर आरोप लगाए। निवासियों का कहना है कि अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल कभी खुद लोगों के बीच आतीं नहीं और उनकी समस्याओं को सुनने नहीं पहुंचतीं। वे आरोप लगाते हैं कि केवल फोटो खिंचवाने के लिए उनके पति जो रख रखा है और आश्वासन देकर चला जाता है हमारी समस्या का कोई समाधान नहीं होता। कॉलोनी की समस्या हैंडओवर विवाद से जुड़ी हुई है। बिल्डर का दावा है कि उसने पहले ही कॉलोनी को नगर पालिका को हैंडओवर कर दिया है। नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि कोई हैंडओवर नहीं हुआ है। इस विवाद के चलते कॉलोनी में कई बुनियादी सुविधाएं प्रभावित हैं। सड़कें जर्जर हो चुकी हैं। सड़कों पर सीवेज बह रहा है और पानी की सप्लाई दूषित हो रही है। निवासियों ने बताया कि वे कई बार नगर पालिका में आवेदन दे चुके हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। प्रियंका जैन ने कहा कि हम रोज़ाना गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। बच्चे बीमार पड़ रहे हैं, लेकिन कोई जिम्मेदार अधिकारी या पार्षद हमारी समस्या सुनने को तैयार नहीं। यह केवल पानी की समस्या नहीं, बल्कि पूरी कॉलोनी की उपेक्षा है। प्रदर्शन के दौरान रहवासियों ने मांग की कि तत्काल कॉलोनी का हैंडओवर विवाद सुलझाया जाए, साफ पानी की सप्लाई बहाल की जाए, सड़कों की मरम्मत हो और सीवेज की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए।

> स्थानीय प्रशासन न तो बिल्डर के खिलाफ कार्यवाही कर रहा है और न रहवासियों को मूलभूत सुविधायें मुहैया करा रहा है, हम सभी नरकीय जीवन जीने के लिए मजबूर हैं।
> **-संजय राजपूत,** रहवासी महवीर नगर
>
> कॉलोनी में पेयजल सप्लाई का काम रहवासी समिति करती है, इसके लिए वार्ड पार्षद कैसे जिम्मेदार हो सकता है।
> **-पुष्पा प्रेम शंकर साहू,** वार्ड पार्षद
>
> कॉलोनी में दूषित पेयजल की समस्या को संज्ञान में लेकर बिलिचिंग पाउडर मुहैया कराया जा रहा है, वहीं कॉलोनी हेंडओवर का मामला दिखवाता हूँ।
> **-प्रशांत जैन,** मुख्य नपा अधिकारी।

### प्रशासन हाई अलर्ट पर: 18 से 27 जनवरी तक होटलों और धर्मशालाओं मे नई बुकिंग पर रोक

# भोजशाला में कड़ी सुरक्षा, एंटी-सैबोटेज टीम ने की सघन जांच, चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर

**धार। दोपहर मेट्रो**



आगामी 23 जनवरी को मनाए जाने वाले बसंत पंचमी पर्व को लेकर धार जिला प्रशासन और पुलिस विभाग हाई अलर्ट मोड़ पर है। इस वर्ष बसंत पंचमी और शुक्रवार एक ही दिन होने के कारण सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के निर्देशन में भोजशाला परिसर में एंटी-सैबोटेज टीम द्वारा सघन तलाशी अभियान चलाया गया।

सुरक्षा के मद्देनजर खरगोन से आई बीडीएस टीम ने भोजशाला परिसर के कोने-कोने की सूक्ष्मता से जांच की। टीम ने आधुनिक उपकरणों के माध्यम से पूरे परिसर को खंगाला। सघन तलाशी के बाद टीम ने परिसर को पूरी तरह सुरक्षित घोषित किया है और वहां कोई भी संदिग्ध वस्तु या सामग्री नहीं पाई गई। बसंत पंचमी पर भारी भीड़ और कानून-व्यवस्था को देखते हुए एसडीएम राहुल गुप्ता ने आदेश जारी किए हैं। 18 जनवरी से 27 जनवरी तक शहर की सभी होटलों और धर्मशालाओं में नई बुकिंग पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।उत्सव के दौरान हजारों की संख्या में बाहर से आने वाले पुलिस बल के ठहरने के लिए कमरों को आरक्षित किया गया है जो लोग पहले से होटलों में ठहरे हुए हैं, उन्हें इससे कोई परेशानी नहीं होगी।



#### मुस्लिम समाज ने अदा की नमाज

शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समाजजनों ने नमाज अदा की। कमाल मौला मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सदर जुल्फिकार पठान ने बताया कि शांति समिति की बैठक में कलेक्टर और एसपी ने स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के आगामी आदेशों का पूर्णतः पालन किया जाएगा और मुस्लिम समाज शहर में शांति बनाए रखने के लिए प्रशासन का पूरा सहयोग कर रहा है।

### युवा साहित्यकार स्तुति का पीएम युवा में चयन

**सिरोंज। दोपहर मेट्रो**

शहर की युवा लेखिका स्तुति अग्रवाल का चयन प्राइम मिनिस्टर्स यंग ऑथर्स मेंटरशिप स्कीम में हुआ है। अब नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इंडिया उनकी पांडुलिपी को किताब के रूप में करेगा और उन्हें 3 लाख रूपए की स्कॉलरशिप भी दी जाएगी। स्तुति ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय और एनबीटी द्वारा पीएम युवा 3.0 में उन्होंने अप्रैल के महीने में आवेदन किया था। जिसमें उन्होंने भारतीय ज्ञान परम्परा विषय पर अधिकतम 10 हजार शब्दों में वेद, श्रीमद् भागवत गीता और त्रिपिटक पर उर्दू जुबान में पांडुलिपी तैयार कर जमा की थी। उनका ऑनलाइन इंटरव्यू भी हुआ। इसके बाद उनका चयन पीएम युवा के लिए हुआ। इस योजना में इस साल देश के 22 भाषाओं के 43 युवा साहित्यकारों का चयन हुआ है। मध्यप्रदेश में जिन दो युवाओं का चयन हुआ है। उनमें एक स्तुति खुद हैं। इंटरव्यू के बाद स्तुति को 10 जनवरी से दिल्ली में शुरू हुए वर्ल्ड बुक फेयर में शामिल होने मौका भी मिला। यहां उनकी मुलाकात केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के साथ ही विभिन्न देशों से आए शिक्षाविदों से हुई। सभी ने साहित्य से जुड़ी चर्चा की। इसके बाद वे राष्ट्रपति भवन और प्रधानमंत्री संग्रहालय भी पहुंची। सद्भावना मंच के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल और गीता अग्रवाल की बेटी स्तुति ने कुछ दिनों पहले ही साहिर लुधियानवी पर लिखी किताब का अनुवाद भी किया है। वे उर्दू पत्रिका इंतिसाब और आलमी जबान की उपसंपादक भी हैं। उन्होंने बताया कि पीएम युवा योजना में प्रकाशित किताब को लेकर वे उत्सुक हैं। ये किताब उर्दू में ही प्रकाशित होगी। किताब की 10 प्रतिशत रायल्टी उन्हें ताउम्र मिलेगी



### कार्रवाई: टिकमाझिरी से जब्त की 20 अवैध बीयर की पेटियां



**धार/राजगढ़। दोपहर मेट्रो**

पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम टिकमाझिरी निवासी रूपसिंह पिता बापू खराडी के घर दबिश देकर बिस्तर पेटी में छिपाकर रखी गई 20 पेटी बीयर बरामद की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम टिकमाझिरी का निवासी रूपसिंह पिता बापू खराडी अपने घर में भारी मात्रा में अवैध बीयर जमा किए हुए है और उसे बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी समीर पाटीदार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम जब आरोपी के घर पहुंची, तो वहां तलाशी के दौरान कमरे में रखी बिस्तर पेटी से 20 पेटी माउंट बीयर बरामद हुई। जब्त की गई शराब की कुल मात्रा 240 बल्क लीटर है, जिसकी बाजार कीमत 62 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी रूपसिंह खराडी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि शराब का यह जखीरा कहां से लाया गया था और इसमें अन्य कौन-कौन शामिल हैं। कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक जितेन्द्र सांकला,रईश खान, प्रधान आरक्षक प्रकाश वसुनिया, आरक्षक दिलीप, दिनेश ओहरी, सुनिल मोर्य और सैनिक रतन व गजराज की मुख्य भूमिका रही। टीम की इस तत्परता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक धार ने टीम को उचित इनाम देने की घोषणा की है।

### माखन नगर में बनेगी 5हजार गोवंश के क्षमता बाली गौशाला

# सीएम ने नर्मदापुरम के किया 206 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

**नर्मदापुरम/माखन नगर। दोपहर मेट्रो**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नर्मदापुरम जिले के माखन नगर तहसील में 206.356 करोड़ रुपये के 93 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें 43.619 करोड़ के 35 कार्यों का लोकार्पण तथा 162.737 करोड़ के 58 कार्यों का भूमिपूजन शामिल रहा।रोड शो से पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दादा माखनलाल चतुर्वेदी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद 53 लाख रुपये की लागत से विकसित प्रांगण में स्थापित 101 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज को फहराया। कार्यक्रम में सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह की प्रमुख भूमिका रही। उन्होंने मंच पर मुख्यमंत्री को 32 विकास कार्यों का ज्ञापन पढ़कर सुनाया और सौंपा, जिस डॉ. यादव ने तत्काल स्वीकार कर लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आमसभा मे मंच से घोषणा करते हुए बागरा शाखा होज सिंचाई परियोजना (4200 हेक्टेयर, सोहागपुर के 30 गांवों को जोड़ेगी), ग्राम मरोड़ा से माखन नगर तक तवा नदी पर 122 करोड़ का ब्रिज, पिपरिया-सोहागपुर-नर्मदापुरम फोरलेन, पिपरिया-बनखेड़ी अधूरी फोरलेन पूर्णता, पंडित माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय में 5 करोड़ से अतिरिक्त कक्ष, सोहागपुर-माखन नगर गांवों का नक्शा दुरुस्तीकरण, सोहागपुर एसडीएम भवन, माखन नगर तहसील भवन, कोठारिया-बीज निगम डिवाइडर चौड़ीकरण, माखन नगर फायर ब्रिगेड, सोहागपुर रामगंज मंडी-पलकमती नदी घाट, ट्रेंचिंग ग्राउंड इनडोर स्टेडियम, रामपुर गुर्रा-इटारसी-जबलपुर ओवरब्रिज, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के 50-60 गांवों में सिंचाई विस्तार, 154 एकड़ पर 5 हजार गायों वाली गौशाला, माखन नगर खेल स्टेडियम-तालाब-पार्क सौंदर्यीकरण, माखनलाल चतुर्वेदी जन्मस्थली पर चार द्वार तथा सोहागपुर शासकीय महाविद्यालय जैसी सौगातों की घोषणा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीता सरन शर्मा, सांसद माया नारोलिया, जिला पंचायत अध्यक्ष राधा सुधीर पटेल, सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, सलकनपुर ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय, जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, नपा अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, सहित लाडली बहनें, नागरिक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर**

### अखिल भारतीय विधायक गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा क्वार्टर फाइनल

# शहडोल ने उमरिया को दी पटखनी, सेमीफाइनल में प्रवेश

**बुढार । दोपहर मेट्रो**

नगर के स्व. कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में खेली जा रही अखिल भारतीय विधायक गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा क्वार्टर फाइनल डीसीए शहडोल और डीसीए उमरिया के बीच खेला गया, मैच में डीसीए शहडोल की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए उमरिया पर सात विकटों से जीत दर्ज की। आज के मैच में टॉस के दौरान अतिथियों के तौर पर नगर परिषद बुढार के उपाध्यक्ष शेखर चौधरी, बीआरसी समन्वयक सीताराम दुबे रहे जिन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं टॉस की औपचारिकताएं पूरी की।

मैच का टॉस शहडोल ने जीता और में पिच नमी की भांपते हुए कप्तान ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। गेंदबाजी का यह निर्णय शहडोल के लिए तब उपयोगी हुआ जब मैच के पहले ही ओवर में उमरिया का सलामी बल्लेबाज आउट हो गया। शहडोल की टीम की अनुशासित गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण ने उमरिया की बल्लेबाजी के दौरान उनके बल्लेबाजों को बांधे रखा, जिससे उमरिया की टीम ने निर्धारित बीस ओवरों में 9 विकटों के नुकसान पर महज 140 रन बना पाई, उमरिया की की तरफ से बल्लेबाज अमन त्रिपाठी ने 61 रन और अभय राउत ने हिमांशु ने 22 एवं रनों का योगदान दिया , शहडोल की ओर से गेंदबाज अभिनव सिंह ने विकेट लिए और यश पाटीदार, यतींद्र मोहन तथा ओमनारायण ने 2-2 विकेट लिए। 141 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी शहडोल की टीम ने ताबड़तोड़ अंदाज में अपनी पारी की शुरुआत की ,शहडोल की इस तूफानी बल्लेबाजी से उमरिया के गेंदबाज पूरी पारी के दौरान नहीं उबर पाए । शहडोल की टीम ने चौदहवें ओवर में ही सात विकटों से यह मैच अपने नाम कर लिया। शहडोल की ओर से बल्लेबाज सत्यार्थ शुक्ला ने 38, सचिन ने 31 और अभिनव सिंह ने 30 रन बनाए। शहडोल टीम की ओर से शानदार प्रदर्शन करने वाले अभिनव सिंह को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। नगर के युवा व्यवसायी यश तलरेजा ने पुरस्कृत किया। टूर्नामेंट में आज शहडोल टीम के प्रायोजक शानू छाबड़ा और जानू छाबड़ा रहे जबकि उमरिया टीम के प्रायोजक राजवाड़ा रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर राजकुमार गुप्ता और अभिनव गुप्ता रहे । मैच में अंपायरिंग आनंद त्रिपाठी और नृपेंद्र सिंह ने की , जबकि मैच का आंखों देखा हाल कलाम मोहम्मद , अजय द्विवेदी और सुधीर शर्मा ने सुनाया। मैच के स्कोरिंग का दायित्व मो. याहया एवं राहुल दुबे ने संभाला । पिच क्यूरेटिंग का जिम्मा अमृतांशु मिश्रा और साहिल ताम्रकार ने संभाला। इस पूरे आयोजन समिति के प्रमुख बुढार के पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश विशनानी तथा सदस्यों के रूप में अनिल सोनी , श्रीनिवास द्विवेदी, पवन नियर्सेस, अवधेश पांडे (पिंटू) , राजीव त्रिपाठी , राकेश त्रिपाठी , महेंद्र त्रिपाठी , योगेंद्र सिंह, जुगुल किशोर मिश्रा पुष्पराज सिंह इत्यादि प्रमुख हैं ।



## न्यूज विंडो

### धूमधाम से मनाया भाजपा जिला अध्यक्ष महंत भारती का जन्मदिन



**धार।** भाजपा जिलाध्यक्ष पद पर महंत निलेश भारती के 16 जनवरी को एक वर्ष पूर्ण होने व जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा, विधायक नीना वर्मा, पूर्व सांसद छतर सिंह दरबार समेत हजारों की संख्या में लोगों ने शामिल होकर बधाई दी। जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती जन्मदिन 16 जनवरी को सुबह 8 बजे रुद्राभिषेक सोमनाथ मठ सागौर में किया। सुबह 10 बजे रक्तदान शिविर सागौर में शामिल हुए, वहां से लक्ष्मी गौशाला जेतपुरा धार में गौ माता का पूजन कर तिल गुड़ खिलाया। वृद्धाश्रम में वृद्धजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। दीनदयाल रसोई केंद्र पहुंचकर भोजन सेवा में सहयोग किया। कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि जिला कार्यालय पर जिले के सभी 18 मंडल अध्यक्षों व मंडल पदाधिकारी जिले के पदाधिकारी जिले के जनप्रतिनिधि गाना महिला मोर्चा की मातृशक्ति पिछड़ा वर्ग मोर्चा अनुसूचित जाति मोर्चा सहित जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने और राकेश पटेल कोषाध्यक्ष मोहित तातेड़ ने जिला अध्यक्ष महंत भारती को साफा पहनाकर पुष्पमाला से स्वागत किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

### प्रस्तावित रेलवे कॉरिडोर हेतु ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने दिया समर्थन

**अनूपपुर।** जिले के कोतमा तहसील अंतर्गत आठ ग्रामों कटकोना, बैहाटोला, मैनटोला, डोंगरिया खुर्द, भाटाडांड़, कोरिया खुर्द, कोठी एवं तरसिली में रेलवे कॉरिडोर निर्माण हेतु कुल 89. 917 हेक्टेयर निजी भूमि का अर्जन हेतु ग्राम बैहाटोला स्थित शासकीय उच्च विद्यालय में लोक सुनवाई सफलतापूर्वक संपन्न हुई।



भूमि अर्जन पुर्नवास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के प्रावधानों तहत किये जा रहे भूमि अर्जन का करीब 500 स्थानीय ग्रामीणों ने खुलकर समर्थन किया। इस बाबत उक्त ग्रामों में सामाजिक समाघात अध्ययन का कार्य जिला प्रशासन के देख-रेख में किया गया है। लोक सुनवाई का संचालन कोतमा के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) टी आर नाग एवं सतीश वर्मा, प्रतिनिधि, जिला प्रशासन की उपस्थिति में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस दौरान प्रभावित ग्रामों के भू-स्वामी, स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासकीय अधिकारियों, पत्रकारों एवं कम्पनी के कर्मचारियों की मौजूदगी रही। इस दौरान ग्राम पंचायत कटकोना, बैहाटोला, मैनटोला, डोंगरिया खुर्द, भाटाडांड़, कोरिया खुर्द एवं गुलिडांड़ के सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सामाजिक समाघात के संदर्भ में अपने सुझाव दिए गए तथा प्रस्तावित परियोजना का स्वागत एवं समर्थन किया गया। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने ग्रामीणों द्वारा रखे गए सुझावों एवं प्रश्नों को गंभीरता से सुना और उन्हें अभिलेखित किया। लोक सुनवाई के सफल होने पर उपस्थित लोगों ने खुशी जाहिर की। ग्राम पंचायत भाठा डांड़ की सरपंच ओमवती ने कहा कि आज आमलोगों को पानी के तरह ही बिजली की भी जरूरत है और इसलिए हम इस परियोजना का समर्थन करते हैं।

### डकैती की योजना बनाते शातिर गैंग के 3 सदस्यों को किया गिरफ्तार



**धार।** महंगी बाइकों के शौकीन बदमाशों को टांडा पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया हैं, बदमाश सुनसान क्षेत्रों से बाइकों को चोरी करके सस्ते दामों पर ग्रामीण क्षेत्रों में बेचने का काम करते थे। पुलिस को सूचना के आधार पर पुलिस ने राजगढ कुक्षी रोड बड़ी नदी के पास ग्राम जेतगढ से क्षेत्र में दबिश देकर डकैती की योजना बनातें तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो अन्य मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार और चोरी की पांच महंगी स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपी इंदौर जैसे शहरों में दिन में रेकी कर रात में महंगी बाइकों को चोरी कर कम कीमतों में बेच देते थे। बाइक सहित हथियारों की कुल कीमत सात लाख 23 हजार रुपए बताई जा रही है। थाना प्रभारी संजय रावत ने बताया कि डकैती की योजना बनाने की सूचना पर घेराबंदी की। पुलिस को देख बदमाशों ने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए संतोष पिता गुमानसिंह मकवाना, अकरम पिता कंगरसिंह बघेल, इकबाल पिता नवलसिंह मंडलोई को गिरफ्तार किया है, सुखराम पिता कंगरसिंह बघेल और संजय पिता सुमलसिंह वसुनिया मौके से फरार हो गए जिनकी तलाश पुलिस टीमें कर रही है।

### हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वालों को माला पहनाकर किया सम्मान

**सागर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए जिले में एक विशेष जनजागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट के अनिवार्य उपयोग के प्रति जागरूक किया गया तथा हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले चालकों को फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य चालकों को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया गया। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर यह पहल की गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी दोपहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करें तथा चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट पहनकर ही वाहन चलाएं। इसके अतिरिक्त, सड़क सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए वाहनों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप एवं रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य भी निरंतर किया जा रहा है, जिससे रात्रिकालीन दृश्यता बढ़े और दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आए। यह अभियान यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने एवं आम नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार व्यवहार विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण है।



### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर अनिल सुचारी ने की समीक्षा

# स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराए



**सागर। दोपहर मेट्रो**

कमिश्नर अनिल सुचारी ने संभाग के सभी कलेक्टरों, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारियों और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने के निर्देश दिए हैं।

कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों और महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से मरीजों, महिलाओं और बच्चों को बेहतर से बेहतर उपचार और संदर्भ सेवाएं मुहैया कराएं। कमिश्नर ने उक्त निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सेवाओं की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा करते हुए दिए। कमिश्नर ने सभी कलेक्टरों और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला स्तर पर होने वाली रोगी कल्याण समिति एवं पोषण समिति की बैठकें अनिवार्यता निर्धारित समय अवधि में कराना सुनिश्चित करें। संभाग में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच तथा उनका टीकाकरण भी समय-समय पर सुनिश्चित कराएं तथा उन्हें अन्य संदर्भ सेवाएं भी समय-समय पर मुहैया कराएं।

कमिश्नर ने महिलाओं में एनीमिया की स्थिति एवं ब्लड प्रेशर की जांच कराने के भी निर्देश दिए तथा उनके उपचार की भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान कमिश्नर ने क्षय रोग से पीड़ित व्यक्तियों के उपचार के लिए सेवा भाव से कार्य करने के निर्देश दिए तथा कहा कि सागर संभाग में क्षय रोग रोगियों की पहचान के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाए जाएं तथा क्षय रोगियों की जांच कर उन्हें समुचित उपचार मुहैया कराया जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में संभाग के कलेक्टरर्स, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

### सांटई रोड पर सोल्डर भरने में ठेकेदार कर रहा अनियमितता



**सिवनी मालवा। दोपहर मेट्रो**

विकासखंड सिवनी मालवा के अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क योजना जो देश के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने गांव से मुख्य मार्ग को जोड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है, जहां सड़कों को बारिश के बाद मरम्मत कार्य में ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन काम किया जा रहा है, जब इस बात की शिकायत नागरिकों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की गई तो ठेकेदार द्वारा ग्रामीणों को धमकियां दी जा रही हैं! वहीं पंचायत में आरटीआई लगाकर जांच करवाई जा रही है। ठेकेदार द्वारा सिवनी मालवा के अधिकतर ग्रामों में गुणवत्ताहीन सड़क की मरम्मत कार्य चल रहा है। ग्रामीणों ने नर्मदा पुरम जिले के कलेक्टर और कमिश्नर से भी मांग की है कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत आने वाले अधिकारियों से मरम्मत कार्य की गुणवत्ता की जांच करवाई जाए। लोखरतलाई से सांटई रोड पर सड़क निर्माण के दौरान सड़कों के दोनों और सोल्डर भरने के कार्य में गंभीर अनियमितता सामने आई है। निर्धारित मानकों के अनुसार जहां सोल्डर में लाल मुरम का उपयोग किया जाना चाहिए, वहां ठेकेदार द्वारा पीली मिट्टी और रेतीली मिट्टी डाली जा रही है। इससे सड़क की मजबूती और टिकाऊपन पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के मौसम में रेतीली व पीली मिट्टी आसानी से बह जाएगी, जिससे सड़क के किनारे धंसने की आशंका बनी रहेगी। इससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले भी इस सड़क की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें की जा चुकी हैं।

### वाटर स्पोर्ट्स स्लालम जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में सागर की सलोनी ने जीता गोल्ड मेडल

**सागर। दोपहर मेट्रो**

वाटर स्पोर्ट्स स्लालम जूनियर नेशनल चैंपियनशिप खेल प्रतियोगिता का आयोजन 11 जनवरी को महेश्वर की सहस्त्रधारा घाट पर किया गया, जिसमें खेल परिसर सागर की पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ी सलोनी शर्मा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कु. सलोनी शर्मा पूर्व में खेल परिसर में सीमा चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त करती थीं।




वॉलीबॉल प्रशिक्षक चक्रवर्ती ने बताया कि सलोनी शर्मा महेश्वर में प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं और जूनियर केनो-सी-1 स्लालम महिला प्रतियोगिता में महज 102.25 की टाइमिंग के साथ स्वर्ण पदक जीतकर सागर जिले को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर खेल प्रशिक्षक प्रेमनेती राय, संगीता सिंह, मंगल सिंह यादव, श्यामलाल पाल, उमेशचंद मोर्य, नफीस खान एवं कार्यालयीन कर्मचारी महेन्द्र सिंह राजपूत, चंदन मोरे, अंजली सिंह, रंजीत बैन आदि सभी साथी खिलाड़ियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### भाजपा विधायक कालुसिंह ठाकुर द्वारा ब्लैकमेलिंग के मामले में में नया मोड़

# महिला ने वीडियो जारी कर लगाए गंभीर आरोप

**धार। दोपहर मेट्रो**

धरमपुरी विधायक कालू सिंह ठाकुर द्वारा एक महिला पर लगाए गए ब्लैकमेलिंग के आरोपों के मामले में वीडियो सामने आने के बाद एक नया मोड़ आ गया है। आरोपी महिला ने एक वीडियो जारी कर विधायक के दावों को सिरे से खारिज करते हुए उन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।



महिला द्वारा जारी किए गए इस वीडियो में महिला ने दावा किया कि विधायक कालू सिंह ठाकुर द्वारा लगाए गए फिरौती और ब्लैकमेलिंग के आरोप पूरी तरह झूठे हैं। वह और उसका पति कासिफ अली किसी फिरौती की मांग नहीं कर रहे थे। वह विधायक के पास किसी निजी समस्या की मदद के लिए भोपाल गई थी। पुलिस के सामने जो माफीनामा लिखवाया गया, वह पूरी तरह दबाव और प्रभाव का इस्तेमाल कर लिखवाया गया था।

**यह था मामला:** दरअसल विधायक कालुसिंह ठाकुर को ब्लैकमेलिंग करने का मामला सामने आया था। विधायक ठाकुर को रेप के झूठे केस में फंसाने की धमकी मिली हैं, जिसके एवज में दो करोड़ रुपए मांगे गए है। विधायक ने इस बात की शिकायत कलेक्टर से लेकर एसपी को की हैं, किंतु कोई कार्रवाई नहीं होने पर नाराज व परेशान विधायक ठाकुर ने पत्र परिषद आयोजित कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी साझा की थी। हालांकि इसके बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया और देर शाम धामनोद पुलिस ने बबिता पति महेश पाटीदार की रिपोर्ट पर आरोपी महिला व सहयोगी कथित पति कासिफ खान पर ब्लैकमेलिंग और धमकाने को लेकर प्रकरण दर्ज किया। महिला ने दो वीडियो जारी कर पूरे मामले को उलट करते हुए विधायक कालुसिंह पर ही गंभीर आरोप लगा दिए। महिला ने एक ऑडियो भी सार्वजनिक की है। महिला का दावा है कि इस क्लिप में विधायक स्वयं उसे भोपाल बुला रहे हैं। वीडियो में महिला ने कहा विधायक खुद मुझे बता रहे थे कि बस से कैसे आना है और कहां उतरना हैं। वे खुद मुझे लेने भोपाल बस स्टैंड पहुंचे थे। अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज का आरोप महिला ने विधायक पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए कहा कि भोपाल में उनके साथ गलत व्यवहार किया गया। विधायक ने मुझे और मेरे बच्चों को भद्दी-भद्दी गालियां दीं। उन्होंने मेरे पति को लेकर भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया और आरोप लगाया कि मेरा पति हम दोनों को ब्लैकमेल कर रहा है। महिला ने यह भी दावा किया है कि विधायक के राजनीतिक रसूख के कारण स्थानीय पुलिस ने उसकी कोई सुनवाई नहीं की और उसके परिवार को भी उसके खिलाफ भड़का दिया गया। गौरतलब है कि विधायक कालू सिंह ठाकुर की शिकायत पर धार जिले के धामनोद और धरमपुरी थानों में दीपिका और उसके पति कासिफ अली के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। विधायक का आरोप था कि यह दंपत्ति उन्हें हनीट्रैप या किसी अन्य माध्यम से फंसाकर मोटी रकम की मांग कर रहा था।

# जोधपुर में हुआ माहेश्वरी समाज का अधिवेशन, शहडोल की भी सहभागिता

**अनूपपुर। दोपहर मेट्रो**

माहेश्वरी समाज का अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन जोधपुर (राजस्थान)में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह,विशेष अतिथि लोकसभा स्पीकर ओमप्रकाश बिरला,राज्यपाल हरिभाउ किशन रावजी वागड़े तथा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा,जोधपुर के सांसद एवं मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत एवं राजसमन्द विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। माहेश्वरी समाज के अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अमित शाह ने कहा कि भारतीय इतिहास में राष्ट्रनिर्माण के अनेक कार्यों में योगदान देने वाला माहेश्वरी समाज आज इन्वेस्टमेंट, इनोवेशन व स्टार्टअप के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण को गति दे रहा है।



इस समाज के द्वारा जोधपुर में आयोजित माहेश्वरी ग्लोबल कन्वेंशन एवं एक्सपो-2026 में उद्यमियों व युवाओं से संवाद किया। यह एक्सपो भारतीय व्यवसायों को ग्लोबल एक्सपोजर देने,विभिन्न उद्योगों को एक मंच पर लाने व निर्यात के अवसर तलाशने की दिशा में अहम सिद्ध हो रहा है। साथ ही यहां माहेश्वरी समाज के गौरवमयी इतिहास को चिरस्मरणीय बनाने के लिए डाक टिकट एवं समाज की पत्रिका माहेश्वरी गौरव ग्रंथ का विमोचन किया गया और इस समाज द्वारा गरीबों को आवास देने की योजना का भी लोकार्पण किया। जोधपुर के सांसद एवं मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मिले संदेश का वाचन किया।अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के नायक संदीप काबरा को महानायक के रूप मे देखकर,हर एक माहेश्वरी का सीना गर्व से भर गया। पूरे आयोजन में जोधपुर माहेश्वरी समाज के प्रत्येक व्यक्ति ने जिस अनुशासन से,आए हुए सभी (लगभग 50000) समाज जनों का जो स्वागत,सत्कार व प्रेम दर्शाया,वह हमेशा हमेशा के लिए स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। अधिवेशन में शहडोल संभाग की भी सहभागिता रहीं। जिसमें प्रमुख रूप से शहडोल संभाग के माहेश्वरी समाज के जिला अध्यक्ष सुनील मंत्री के नेतृत्व में शहडोल एवं अनूपपुर के माहेश्वरी समाज ने कार्यक्रम में शिरकत की। जिसमें प्रमुख रूप से सुनील मंत्री,डॉ.पवन मूंदड़ा, अरुण बियानी,संध्या बियानी, कमल मूंदड़ा, संगीता मूंदड़ा, आदेश खठोड, कीर्ति खठोड, आलोक खठोड,मनीष लखोटिया एवं अरविंद पच्चीसिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर** भागवत कथा का श्रवण करने के लिए उमड़े श्रद्धालु

# चलते-फिरते उठते-बैठते, कार्य करते हुए श्री हरि का नाम जपते रहना चाहिए: व्यास

**सागर। दोपहर मेट्रो**

श्री रामबाग मंदिर में चल रही संगीतमय श्री राम कथा के अंतिम दिन कथा व्यास पं. मनोज व्यास मधुर ने कहा कि मंदिर में,गौ शाला में पीपल, बरगद आदि पवित्र वृक्ष के नीचे रामकथा सुनने का कई गुना फल प्राप्त होता है और तीर्थ में कथा का हजार गुना फल मिलता है। उन्होंने भक्ति के सन्दर्भ में भगवान को ज्वर आने का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि गोपियों जैसी भक्ति कहीं नहीं है। गोपियां घर के काम काज करते हुए कृष्ण का जाप करतीं रहतीं थीं इसलिए हमें भी चलते फिरते उठते बैठते, अपना कार्य करते हुए श्री हरि का नाम जपते रहना चाहिए। श्री राम कथा सुनाते हुए पं.व्यास ने कहा कि निषाद राज और केवट का प्रसंग सुनाया। केवट ने श्रीराम,जानकी और लक्ष्मण को नाव में बैठाकर पार लगाया। इसके बाद भगवान बाल्मीकि जी के आश्रम पहुंचे। ऋषि की आज्ञा लेकर प्रभु ने चित्रकूट में निवास किया, वहां पर राम-भरत मिलाप हुआ। इस प्रसंग पर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। पंचवटी में शूर्पणखा प्रसंग सुनाया. पंचवटी में प्रभु ने तेरह वर्ष गुजारे हैं। खरदूशन के वध के बाद शूर्पणखा ने रावण को व्यथा सुनाई। रावण ने माता सीता का हरण किया। भगवान को सीता विरह हुआ। सीता की तलाश में प्रभु ने जटायु, शबरी का उद्धार किया। शबरी के बताए रास्ते पर चलकर प्रभु समुद्र तट पर पहुंचे,रामसेतु का निर्माण हुआ,वानर सेना सहित श्री राम लंका पहुचें जहां रावण सहित सभी निशाचरों का उद्धार किया। भगवान पुष्पक विमान से अयोध्या पहुंचे जहां श्रीराम राम का गुरु वसिष्ठ ने राज्यभिषेक किया। कथा में रसिक श्रोताओं ने भक्ति पूर्ण आनंद उठाया.कथा के यजमान श्रीजी राधे राधे,वीरेंद्र सुहाने,हेमंत सोनी आदि रहे।



### वैन में मिला ड्राइवर का शव, परिजनों ने चक्काजाम कर की जांच की मांग



**सागर। दोपहर मेट्रो**

दो दिन पहले कैंट थाना क्षेत्र में एक स्कूल वेन के ड्राइवर का शव मिला था। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू की है. मृतक ग्राम कर्रापुर निवासी 35 वर्षीय ब्रिजेंद्र ठाकुर स्कूल वेन चलाता था। संदिग्ध परिस्थितियों में मिले शव को लेकर परिजनों के साथ गांव वालों ने ने हत्या का आरोप लगाते हुए सागर-बंडा रोड पर साईं होटल के पास चक्काजाम किया। परिजन ने कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर समझाइश दी। कैंट पुलिस मामले की जांच कर रही है। कैंट थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि कर्रापुर निवासी 35 वर्षीय ब्रिजेंद्र ठाकुर स्कूल वेन चलाता था। उसका शव वाहन में मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। सूचना मिलते ही नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ग्राम कर्रापुर पहुंचे और पुलिस अधिकारियों से मामले की उच्च स्तरीय जांच की बात कही। मृतक के परिजन शेरसिंह राजपूत ने बताया कि मृतक साई स्कूल की बस चलाता था।

## टीम इंडिया के लिए इंदौर का होलकर स्टेडियम है सुपर लकी

# 20 साल में जीते 7 में 7 मुकाबले, न्यूजीलैंड की परीक्षा

**इंदौर, दोपहर मेट्रो**

साल 2006 से लेकर 2023 के बीच इंदौर के होलकर स्टेडियम में कुल 7 वनडे मुकाबले हुए हैं। अब एक और मुकाबला होना है, जो रविवार को है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच यह मुकाबला डिसाइडर वनडे है। क्योंकि जो भी टीम जीती वो सीरीज अपने नाम करेगी। लेकिन इंदौर का यह मैदान भारतीय टीम के लिए 20 सालों के दरम्यान सुपरलकी रहा है। वजह यह है कि भारतीय टीम कभी भी यहां कोई वनडे मुकाबला नहीं हारी है। यानी यहां टीम इंडिया का किला अभेद्य है। कुल मिलाकर यहां हमारी टीम का राज चलता है। 3 वनडे मैचों की सीरीज में वडोदरा में भारतीय टीम 4 विकेट से जीती, इसके बाद राजकोट में न्यूजीलैंड की टीम ने 7 विकेट से जीत दर्ज की। अब सीरीज 1-1 से बराबर है। यानी अब अब सब कुछ रविवार को तय हो जाएगा।

इतिहास के पन्ने खंगाले जाएं तो इंदौर का होलकर क्रिकेट स्टेडियम भारतीय क्रिकेट टीम के लिए हमेशा से लकी वेन्यू साबित हुआ है। यहां खेले गए वनडे मुकाबलों में भारत ने अब तक एक भी मैच नहीं हारा है। साल 2006 से लेकर 2023 तक यहां कुल 7 वनडे मैच खेले गए, और सभी में टीम इंडिया को जीत मिली।

इस शानदार सिलसिले की शुरुआत 15 अप्रैल 2006 को इंग्लैंड के खिलाफ हुई, जब भारत ने 7 विकेट से मुकाबला अपने नाम किया। इसके बाद 2008 में इंग्लैंड को ही 54 रन से हराया गया। साल 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत ने 153 रन की बड़ी जीत दर्ज की, जो इस मैदान पर अब तक की सबसे बड़ी जीतों (रनों के लिहाज) से एक है। 2015 में साउथ अफ्रीका जैसी मजबूत टीम को भी भारत ने 22 रन से शिकस्त दी। 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 विकेट से जीत दर्ज की गई, जबकि 2023 में न्यूजीलैंड को 90 रन से हराकर भारतीय टीम ने अपनी दबदबा कायम रखा। इस मैदान पर सबसे हालिया मुकाबला भारतीय टीम ने 24 सितंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था, जिसमें भारत ने 99 रन से शानदार जीत हासिल की। इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों ने दमदार प्रदर्शन किया। भारत ने यहां 5 मुकाबले पहले बल्लेबाजी करते हुए तो 2 मुकाबले रनचेज करते हुए जीते हैं। यही वजह है कि इंदौर का यह मैदान टीम इंडिया के लिए एक अटूट किला बन चुका है।



### इंदौर में हुए वनडे मुकाबलों में भारतीय टीम कप प्रदर्शन

24 सितंबर 2023 : भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 99 रन से हराया)
24 जनवरी 2023 : भारत ने न्यूज़ीलैंड को 90 रन से हराया
24 सितंबर 2017 : भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से रौंदा
14 अक्टूबर 2015 : भारत ने साउथ अफ्रीका को 22 रन से हराया
8 दिसंबर 2011 : भारत ने वेस्टइंडीज को 153 रन से रौंदा
17 नवंबर 2008 : भारत ने इंग्लैंड को 54 रन से दी शिकस्त
15 अप्रैल 2006 : भारत ने इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया

### इंदौर में वनडे में सबसे ज्यादा रन सहवाग के

इंदौर के होलकर स्टेडियम में वनडे में सबसे ज्यादा रन वीरेंद्र सहवाग के नाम है। उन्होंने 2 मैचों में 220 रन बनाए हैं, इसमें उनका रिकॉर्ड 219 रन वाला दोहरा शतक भी शामिल हैं। मौजूदा वनडे कप्तान शुभमन गिल का बल्ला भी यहां गरजा है और उन्होंने 2 मैचों में 216 रन बनाए हैं, दोनों ही बार उनका शतक आया है। रोहित शर्मा ने यहां 5 मैचों की 5 पारि?यों में 205 रन बनाए हैं, इसमें उनका एक शतक शामिल है। वहीं न्यूजीलैंड के डेवॉन कॉन्वे ने यहां एक मुकाबला खेला है, जिसमें उन्होंने 138 रन बनाए हैं। श्रेयस अय्यर ने भी यहां एक मैच खेला है और शतक जड़ते हुए 105 रन बनाए हैं। विराट कोहली के आंकड़ें यहां चिंताजनक हैं, उन्होंने यहां 4 मुकाबलों में महज 99 रन बनाए हैं, ऐसे में वो इस रिकॉर्ड को सही करना चाहेंगे।

## न्यूजीलैंड टी-20 सीरीज: वाशिंगटन सुंदर की जगह बिश्नोई शामिल

# श्रेयस अय्यर की 25 महीने बाद टी-20 टीम में वापसी, तिलक की जगह खेलेंगे

### सर्जरी के कारण टीम से बाहर हैं वर्मा

**दिल्ली, एजेंसी**

श्रेयस अय्यर की टी20 टीम में वापसी हो गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जल्द शुरू होने वाली पांच टी20 मैचों की सीरीज के लिए उन्हें टीम में शामिल किया। उन्हें तिलक वर्मा की जगह शुरुआती तीन मुकाबलों के लिए भारतीय टीम में जगह मिली है। इसके अलावा बोर्ड ने बताया कि वाशिंगटन सुंदर टी20 टीम से भी बाहर हो गए हैं। उनकी जगह रवि बिश्नोई को शामिल किया गया है।

हाल ही में बीसीसीआई ने स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा के स्वास्थ्य को लेकर जानकारी दी थी और बताया था कि उनकी राजकोट में सर्जरी हुई, जिसके बाद वह तीन टी20 मैचों के लिए टीम से बाहर हो गए। बीसीसीआई ने तिलक के बारे में अपडेट देते हुए कहा था, तिलक की बुधवार राजकोट में सर्जरी हुई है। वह पेट से जुड़ी समस्या से जूझ रहे थे। गुरुवार की सुबह अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वे शुक्रवार को हैदराबाद के लिए रवाना हो गए हैं।



### करीब तीन साल बाद अय्यर की टी20 टीम में वापसी

अब श्रेयस अय्यर को शुरुआती तीन मुकाबलों के लिए टी20 टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने भारत के लिए पिछला टी20 मुकाबला 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। उसके बाद से वह टी20 टीम का हिस्सा नहीं थे। फिलहाल वह न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी वनडे सीरीज में धमाल मचा रहे हैं। पहले मुकाबले में उन्होंने 49 रनों की धुआंधार पारी खेली थी।

तिलक फिलहाल ठीक हैं और बीमारी से उबर रहे हैं। तिलक पूरी तरह ठीक होने और घाव के संतोषजनक रूप से भरने के बाद शारीरिक प्रशिक्षण फिर से शुरू करेंगे और धीरे-धीरे कौशल-आधारित गतिविधियों में लौटेंगे। भारतीय ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली आगामी टी20 सीरीज से बाहर कर दिया गया है। दरअसल, 11 जनवरी को वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में खेले गए पहले वनडे मुकाबले के दौरान गेंदबाजी करते समय सुंदर को निचली पसलियों के पास अचानक दर्द महसूस हुआ था।

### टी20 सीरीज का कार्यक्रम

टी20 विश्व कप 2026 की शुरुआत सात फरवरी से होगी। इससे पहले भारत पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगा, जिसकी शुरुआत 21 जनवरी से होगी। पहला मुकाबला नागपुर में खेला जाएगा। दूसरा मैच 23 जनवरी को रायपुर, तीसरा मैच 25 जनवरी को गुवाहाटी, चौथा मैच 28 जनवरी को विशाखापत्तनम और पांचवां मैच 31 जनवरी को तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा।

### टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, श्रेयस अय्यर (पहले तीन टी20 मैच), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, इशान किशन, रवि बिश्नोई।

## पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी का सनसनीखेज आरोप,

# गंभीर ने रोहित शर्मा को वनडे कप्तानी से हटवाया, अजीत अगरकर भी निशाने पर

**दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी के बयान से एक नया विवाद खड़ा हो गया है। तिवारी के मुताबिक भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने रोहित शर्मा को वनडे कप्तानी से हटाने में अहम भूमिका निभाई। तिवारी का कहना है कि यह फैसला सीधे तौर पर नहीं लिया गया था, बल्कि चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर पर प्रभाव डालकर इसे लागू किया गया।

भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने जब पिछले साल अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित की थी, तब रोहित शर्मा के स्थान पर शुभमन गिल को नया कप्तान बनाया गया था। इस निर्णय ने क्रिकेट जगत में कई सवाल खड़े कर दिए थे क्योंकि रोहित वनडे क्रिकेट में बेहतरीन फॉर्म में थे और 2027 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए अपनी तैयारी कर रहे थे। मनोज तिवारी ने भारत के लिए 12 ओडीआई मैचों में 287 और 3 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में 15 रन बनाए थे। तिवारी ने स्पोर्ट्स टुडे से कहा, %अजीत आगरकर मजबूत व्यक्तित्व हैं और खुद निर्णय लेने में सक्षम हैं। लेकिन इतना बड़ा फैसला अकेले नहीं लिया जा सकता। पर्दे के पीछे कई चीजें होती हैं। इसमें कोच की इनपुट जरूर रही होगी।



### रोहित का उत्साह कम हो चुका कम

मनोज तिवारी को इस बात पर संदेह है कि रोहित शर्मा को हटाने का फैसला पूर्णत: सेलेक्शन पैनल का था। तिवारी का कहना है कि गौतम गंभीर का दृष्टिकोण इसमें शामिल रहा होगा। तिवारी ने यह भी कबूल किया कि रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाए जाने के बाद उनकी ह्रष्ठढ्ढ प्रारूप में रुचि कम हो गई है। उन्होंने कहा कि रोहित पहले की तरह एनिमेटेड नजर नहीं आते और मैदान पर उनका उत्साह कम दिखता है। मनोज तिवारी ने कहा, मैंने रोहित के साथ खेला है। उनको हटाया जाना काफी असम्मानजनक लगा। इतने बड़े खिलाड़ी के साथ ऐसा व्यवहार नहीं होना चाहिए था। तिवारी ने रोहित शर्मा के नेतृत्व और प्रदर्शन का बचाव करते हुए कहा कि रोहित एक मंझे कप्तान हैं और उन्हें हटाने का कोई क्रिकेटिंग लॉजिक नहीं था। मनोज तिवारी ने कहा कि रोहित शर्मा ने बतौर कप्तान दो ICC ट्रॉफी जीती हैं। 2023 वर्ल्ड कप फाइनल में भी भारत जीत सकता था। तिवारी का मानना है कि रोहित की क्षमता पर संदेह करना गलत था और उनका 2027 तक खेलना बिल्कुल संभव है।

**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**

### मस्तीवर्स में दोस्ती की हैट्रिक

# कपिल शो में सहवाग, युवराज और मोहम्मद कैफ करेंगे हंसी से लोटपोट

आज के इस बदलते दौर में दर्शक सिर्फ मनोरंजन ही नहीं चाहते, बल्कि वह ऐसा कंटेंट भी चाहते हैं जो उन्हें हंसाए और उनके पसंदीदा हस्तियों से बात कर मजेदार किस्से भी बताए। ऐसे में नेटफ्लिक्स के रियलिटी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 4 की डिमांड खूब है। शो के नए एपिसोड में क्रिकेट के तीन दिग्गज वीरेंद्र सहवाग, युवराज सिंह और मोहम्मद कैफ नजर आएंगे और जमकर मस्ती करेंगे।शो के निर्माताओं ने नए एपिसोड की हल्की सी झलक दिखाते हुए प्रोमो सोशल मीडिया पर साझा किया। इस प्रोमो में शो के होस्ट कपिल शर्मा अपने मजाकिया अंदाज में कहते दिख रहे हैं कि चीयरलीडर्स भी राहुल द्रविड़ के स्ट्राइक पर आने की प्रार्थना करती थीं ताकि उन्हें थोड़ा आराम मिल सके। इसका कारण यह था कि जब युवराज और सहवाग बल्लेबाजी करते थे, तो लगातार छक्के चलते रहते थे और मैदान पर धमाल मच जाता था। निर्माताओं ने प्रोमो में कैप्शन में लिखा, इस हफ्ते, मस्तीवर्स में होगी दोस्ती की हैट्रिक ! यह एपिसोड आज रात 8 बजे नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा। मजाक को और बढ़ाते हुए कैफ ने खुद को युवराज और सहवाग के मुकाबले बहुत छोटा बताया, जबकि युवराज ने मजाक में अपने गुच्ची शूज को लेकर मजा किया। युवराज और कैफ ने एपिसोड में शाराड्स राउंड भी खेला।



### युवराज ने दिनचर्या के बारे में भी किया खुलासा

इसके बाद युवराज ने अपनी नई दिनचर्या के बारे में भी खुलासा किया, जो बैट-बॉल या जिम से संबंधित नहीं थी, बल्कि बस आराम के बारे में थी। कपिल ने इसे ब्रेकिंग न्यूज की तरह पेश किया और युवराज को हल्के अंदाज में चिढ़ाया। सहवाग ने भी मजाक में कहा कि अब उनकी दिनचर्या बस यही है- लंच में क्या खाना है, डिनर में क्या खाना है, और गोल्फ खेलते समय क्या रखा है। एपिसोड में डबल सिद्धू पाजी की एनर्जी भी देखने को मिली।

# झूठी हैं अफवाहें? फरवरी में नहीं होगी धनुष-मृणाल ठाकुर की शादी


**सेलेब्रिटी शादियों को लेकर उड़ी अफवाहें अक्सर सच्चाई से कहीं ज्यादा तेजी से फैलती हैं। इस बार एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और धनुष सोशल मीडिया पर मची हलचल के सेंटर बने गए हैं। शुक्रवार सुबह इंटरनेट पर यह चर्चा शुरू हुई कि दोनों एक्टर्स 14 फरवरी 2026 को शादी करने वाले हैं। यह अटकलें तेजी से फैलने लगीं, लेकिन अब इन्हें पूरी तरह खारिज कर दिया गया है।**

एक्ट्रेस के करीबी एक सूत्र ने साफ किया है कि इन शादी की खबरों में बिल्कुल भी सच्चाई नहीं है। सूत्र ने कहा, %मृणाल अगले महीने शादी नहीं कर रही हैं। यह एक बेबुनियाद अफवाह है, जो बिना किसी वजह के फैल गई। कथित शादी की तारीख को लेकर भी इंडस्ट्री में सवाल उठे। सूत्र के मुताबिक, मृणाल के पास लगातार प्रोफेशनल कमिटमेंट्स हैं। ऐसे में फरवरी में शादी करना संभव नहीं लगता। सूत्र ने कहा, फरवरी में उनकी एक फिल्म रिलीज होने वाली है और इसके बाद मार्च में एक और तेलुगू फिल्म आ रही है। ऐसे समय में शादी का प्लान बनाना समझ में नहीं आता।



### रिश्ते में हैं दोनों एक्टर्स

मृणाल ठाकुर और धनुष के रिश्ते को लेकर काफी समय से चर्चाएं होती रही हैं, लेकिन दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते को पब्लिक में स्वीकार नहीं किया है और न ही इसकी पुष्टि की है। उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर चुप्पी समय-समय पर अफवाहों को हवा देती रही है, लेकिन अब तक दोनों की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। इन दोनों कलाकारों को लेकर चर्चाएं अगस्त 2025 में तेज हुई थीं, जब मृणाल को अपनी फिल्म सन ऑफ सरदार 2 के प्रीमियर के दौरान धनुष का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए देखा गया था।



### मेट्रो बाजार

# वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत बना दुनिया का ग्रोथ इंजन

**नई दिल्ली।** विश्व आर्थिक मंच यानी डब्ल्यूईएफ की हालिया चीफ इकोनॉमिस्ट आउटलुक सर्वे ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक मिश्रित तस्वीर पेश की है। इसके अनुसार, जहां एक ओर दुनिया के अधिकांश अर्थशास्त्री इस वर्ष वैश्विक आर्थिक स्थितियों के कमजोर होने की आशंका जता रहे हैं, वहीं दूसरी ओर, भारत के नेतृत्व में दक्षिण एशिया दुनिया के सबसे उज्ज्वल विकास केंद्र के रूप में उभरा है। दावोस में होने वाली वार्षिक बैठक से पहले जारी इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में आर्थिक ताने-बाने को नए सिरे से गढ़ने की कोशिश हो रही है। बढ़ता कर्ज और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का तेजी से प्रसार वैश्विक परिदृश्य को प्रभावित कर रहे हैं। हालांकि, इन चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की दृढ़ता इसे अन्य उभरते क्षेत्रों से अलग खड़ा करती है।सर्वे में शामिल लगभग 53 प्रतिशत मुख्य अर्थशास्त्रियों का मानना है कि आने वाले वर्ष में वैश्विक आर्थिक स्थिति कमजोर होगी। इसके विपरीत, दक्षिण एशिया के लिए दृष्टिकोण काफी सकारात्मक है। सर्वे के प्रमुख आंकड़े इस प्रकार हैं-

**दक्षिण एशिया की मजबूती-** दो-तिहाई अर्थशास्त्रियों ने इस क्षेत्र में मजबूत या बेहद मजबूत विकास की उम्मीद जताई है। यह पिछले साल सितंबर के 31 प्रतिशत के अनुमान से दोगुनी वृद्धि है।

**क्षेत्रीय तुलना:** पूर्व एशिया और प्रशांत क्षेत्र के लिए 45त्न अर्थशास्त्रियों ने मजबूत विकास का अनुमान लगाया है, जबकि अमेरिका के लिए केवल 11प्रतिशत ने ही मजबूत विकास की बात कही है।

# एमएसएमई निर्यातकों के लिए खुशखबरी, पोस्ट ऑफिस से निर्यात पर भी मिलेंगी इंसेंटिव स्कीमें

नई दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने डाक के जरिए भेजे जाने वाले माल पर निर्यात प्रोत्साहन योजना लागू करने का फैसला किया। CBIC के अनुसार, 15 जनवरी 2026 से ड्यूटी ड्रॉबैक, निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट (आरओडीटीईपी) और राज्य और केंद्रीय करों और लेवी की छूट (आरओएससीटीएल) योजनाओं के तहत मिलने वाले निर्यात लाभ अब इलेक्ट्रॉनिक रूप से पोस्टल माध्यम से किए गए निर्यातों पर भी उपलब्ध होंगे।



वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह कदम खासतौर पर एमएसएमई निर्यातकों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ाने में मददगार होगा और पोस्टल एक्सपोर्ट्स को बड़ा प्रोत्साहन देगा। ईवाई इंडिया के टैक्स पार्टनर सौरभ अग्रवाल ने इस फैसले को एमएसएमई के लिए बड़ी राहत बताते हुए कहा कि पोस्टल रूट पर आरओडीटीईपी और आरओएससीटीएल लाभ देने से दूरदराज क्षेत्रों में मौजूद छोटे निर्यातकों के लिए लंबे समय से चली आ रही अनुपालन संबंधी बाधाएं खत्म होंगी।

उन्होंने कहा कि यह सुधार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के प्रति सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है और पोस्ट ऑफिस को वैश्विक व्यापार का एक अहम माध्यम बना सकता है।वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य पोस्टल चैनल से निर्यात करने वाले कारोबारियों को समान अवसर देना और सीमा पार ई-कॉमर्स के लिए एक समावेशी और अनुकूल इकोसिस्टम तैयार करना है। इन लाभों को लागू करने के लिए सीबीआईसी ने डार्क निर्यात (इलेक्ट्रॉनिक घोषणा और प्रसंस्करण) विनियम, 2022 में संशोधन को मंजूरी दी है। इसके तहत डाक के जरिए निर्यात करने वाले व्यापारी अब इन योजनाओं के तहत लाभ का दावा कर सकेंगे।



# 958 किमी की हावड़ा-गुवाहाटी दूरी अब सिर्फ 14 घंटे में



**पीएम मोदी आज दिखाएंगे पहली स्लीपर वंदे भारत को हरी झंडी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल के मालदा में भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन हावड़ा (कोलकाता) और गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच चलेगी, जो पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत के बीच रेल यात्रा को आधुनिक, आरामदायक और तेज बनाएगी। पश्चिम बंगाल और असम में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होंगे।

पीएम मोदी मालदा में एक सार्वजनिक समारोह में 3,250 करोड़ रुपये से अधिक की रेल और सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने जा रहे है। बालुरघाट-हिली नई रेल लाइन, न्यू जलपाईगुड़ी में अगली पीढ़ी की माल ढुलाई सुविधाएं, सिलीगुड़ी लोको शेड का उन्नयन, जलपाईगुड़ी में वंदे भारत रखरखाव सुविधाओं का आधुनिकीकरण, न्यू कूचबिहार-बमनहाट और न्यू कूचबिहार-बॉक्सिरहाट रेल लाइनों का विद्युतीकरण, इसके अलावा, पीएम मोदी चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को वर्चुअली हरी झंडी दिखाएंगे।

## न्यूज विंडो

### मुस्लिमों से दूसरे दर्जे के नागरिकों के जैसा व्यवहार कर रहा केंद्र: विजयन



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार मुसलमानों से दूसरे दर्जे के नागरिकों की तरह व्यवहार कर रही है। केरल सीएम ने कहा कि केंद्र की कई नीतियां और कानून जैसे नागरिकता कानून, नया वक्फ कानून, मुसलमानों को मुख्यधारा से अलग करते हैं। केरल सीएम ने 'केरल मुस्लिम जमात' द्वारा आयोजित 'केरल यात्रा' कार्यक्रम के समापन पर यह बात कही। केरल यात्रा 1 जनवरी को कासरगोड से शुरू होकर पूरे प्रदेश में होते हुए तिरुवनंतपुरम में समाप्त हुई। सीएम विजयन ने अपने संबोधन में कहा, धर्मनिरपेक्षवाद, लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों पर आज देश में खतरा मंडरा रहा है। देशभर में अल्पसंख्यक समुदाय जैसे मुस्लिम और ईसाइयों और उनके पूजा स्थलों पर हमले हो रहे हैं।

### कोहली-कुलदीप ने महाकाल के दर्शन किए, आरती में शामिल हुए



**नई दिल्ली.** भारत-न्यूजीलैंड के बीच इंदौर में खेले जाने वाले मैच से पहले विराट कोहली और कुलदीप यादव उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। दोनों ने त्रिपुंड (तिलक) लगवाया। इसके बाद भस्म आरती में शामिल हुए। मैच रविवार को होलकर स्टेडियम में होना है। विराट और कुलदीप शनिवार सुबह करीब 4 बजे भस्म आरती के लिए महाकाल मंदिर पहुंचे। दो घंटे तक नंदी हॉल में बैठकर आरती देखी। इस दौरान वे जाप करते नजर आए। भस्म आरती के बाद विराट और कुलदीप ने भगवान को जल अर्पित किया। फिर नंदी जी का पूजन अर्चन कर भगवान महाकाल के देहरी से दर्शन किए। इस मौके पर महाकाल मंदिर समिति की ओर से दोनों का सम्मान किया गया। कुलदीप यादव ने कहा कि महाकाल मंदिर आकर बहुत अच्छा लगा। क्रिकेट के साथ-साथ अपनी लाइफ में भी अच्छा करते रहें, भगवान महाकाल का आशीर्वाद सब पर बना रहे बस यही मांगा है। बता दें, इससे पहले भी विराट और कुलदीप महाकाल मंदिर में दर्शन करने आ चुके हैं। भारत-न्यूजीलैंड के होने वाले मैच के लिए टीम इंडिया इंदौर पहुंची हुई है।

### घने कोहरे से शुरू हुआ दिल्ली वालों का दिन, हवा भी खराब



**नई दिल्ली।** आज सुबह राजधानी के कई क्षेत्रों में मध्यम स्तर से लेकर घना कोहरा छाया रहा, जिससे यातायात व्यवस्था बाधित हुई। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुबह साढ़े छह बजे दृश्यता साढ़े तीन सौ मीटर थी।सुबह नौ बजे इसमें कुछ सुधार हुआ और दृश्यता पांच सौ मीटर रही। वहीं, सफदरजंग में सुबह साढ़े छह बजे ढाई सौ मीटर और नौ बजे दृश्यता दो सौ मीटर रही। कई अन्य स्थानों पर भी कोहरा छाया रहा जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उड़ानें और ट्रेनों की आवाजाही भी प्रभावित हुई। मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया था।न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री दर्ज हुई। अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। दिन में आसमान में बादल छाए रहने की उम्मीद है। वहीं, दिल्ली की हवा बहुत खराब श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के समीर एप के अनुसार सुबह नौ बजे राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) 376 यानी बहुत खराब श्रेणी में रहा।

**29 महानगरपालिकाओं में से 25 पर बीजेपी गठबंधन की जीत से बदलेगा आगामी समीकरण**

# नागपुर से नासिक तक बीजेपी का जलवा कुशल रणनीति से महायुति बनी धुरंधर

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र की कुल 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव में बीजेपी का डंका बजा है। 25 जगहों पर बीजेपी ने गठबंधन के साथ जीत हासिल की है। इससे पहले, नगरपरिषद के चुनावों में भी बीजेपी गठबंधन को भारी सफलता मिली थी। अब, 5 फरवरी को स्थानीय चुनावों की अंतिम कड़ी में जिलापरिषद के चुनाव होंगे। बीएमसी चुनाव में मिली सफलता से सत्ता पक्ष की राह आसान कर दी है, जबकि विपक्ष के लिए नए सिरे से जमीन पर मौके तलाशने की चुनौती सामने लाई है। इसका असर, आगामी समय में राज्य की राजनीति के साथ-साथ विधानमंडल के कामकाज पर भी दिखाई देगा।बीएमसी चुनाव के नतीजे हमेशा से ही दूरगामी परिणामकारक होते आए हैं।

### पहली बार बनेगा BJP का मेयर

बीजेपी पहली बार देश की सबसे बड़ी महानगरपालिका BMC की सत्ता संभालेगी। पिछली बार महज 2 सीटों से चुकी बीजेपी ने इस बार कोई कसर नहीं छोड़ी। उद्धव सेना से दूरी के बाद देवेंद्र फडणवीस ने मिशन मुंबई को सफल बनाने के लिए खुद कमान संभाली। सीट बंटवारे पर सहमति बनाकर शिंदे और आठवले को साथ लिया। चुनाव से ठीक पहले अमित साटम को मुंबई BJP की कमान सौपी। हर प्रभाग के लिए पूरी रणनीति आंकी। लगातार रणनीति में बदलाव, उम्मीदवारों की मदद के लिए ऐप समेत अन्य सुविधाएं और बगावत दूर करने को बड़े नेताओं को मैदान में उतारा।



### उद्धव ठाकरे ने खुद को किया सीमित

राज ठाकरे से गठबंधन का उद्धव ठाकरे को अपेक्षित फायदा नहीं मिला। मराठी वोट एकत्रित करने के चक्कर में गैर-मराठी वोट पार्टी से छिटक गए। बीजेपी का विकल्प बनने का ख्वाब देख रही पार्टी पिछली बार का 84 सीटों का प्रदर्शन नहीं दोहरा सकी। ठाकरे ने खुद को बीएमसी तक सीमित कर लिया था।

### मुंबई में नहीं चला एकनाथ शिंदे इफेक्ट

संसाधनपूर्ण मेहनत, उद्धव सेना के 55 से ज्यादा नगरसेवकों को साथ लाने के बावजूद शिंदे बीएमसी चुनाव में प्रभाव छोड़ने में असफल रहे। सीट बंटवारे में 90 सीटें हासिल करने के बावजूद पार्टी 30% का स्ट्राइक रेट भी नहीं हासिल कर सकी। साफ तौर पर पार्टी का कैडर उद्धव के साथ ही होने का पार्टी को भरपूर नुकसान हुआ। शिंदे सेना से जीते तमाम नगरसेवकों का अपने क्षेत्र में प्रभाव ही नतीजों में काम कर गया।

### मालेगांव : नई नवेली 'इस्लाम पार्टी' ने सभी दिग्गजों को किया चित

महाराष्ट्र की राजनीति में मालेगांव हमेशा से ही अपनी अलग पहचान और संघर्षों के लिए मशहूर रहा है। बीएमसी और अन्य नगर पालिकाओं के शोर के बीच मालेगांव नगर निगम चुनाव 2026 के नतीजों ने पूरे राज्य को हिलाकर रख दिया है। यहां किसी राष्ट्रीय पार्टी की लहर नहीं बल्कि एक स्थानीय और नई नवेली पार्टी का जुनून सिर चढ़कर बोला है। जिस मालेगांव को पावरलूम और बुनकरों का शहर कहा जाता है वहां भाजपा जैसी दिग्गज पार्टी महज 2 सीटों पर सिमट गई तो कांग्रेस और एकनाथ शिंदे की शिवसेना का भी डब्बा गुल हो गया। यहां की मिट्टी से उपजी 'इस्लाम पार्टी' ने अपनी सियासी बिसात कुछ इस तरह बिछाई कि असदुद्दीन ओवैसी की एमआईएम भी पीछे छूट गई। 84 सीटों वाली इस नगर निगम में बहुमत के लिए 43 का जादुई आंकड़ा चाहिए। इस्लाम पार्टी 35 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है, लेकिन उसे सत्ता के लिए 8 और सदस्यों की जरूरत है। अब सबकी नजरें समाजवादी पार्टी (5 सीटें) और कांग्रेस (3 सीटें) पर हैं। यदि ये साथ आते हैं, तो मालेगांव में 'इस्लाम पार्टी' का पहला मेयर बनना तय है।मालेगांव केवल एक शहर नहीं बल्कि बुनकरों की भावनाओं और संघर्षों का केंद्र है। यहां की राजनीति हमेशा से ही 'धर्मनिरपेक्ष बनाम कट्टरपंथ' और 'स्थानीय बनाम बाहरी' के इर्द-गिर्द घूमती रही है। 2026 के चुनावों ने साबित कर दिया कि यहां के मतदाता अब राष्ट्रीय दलों के बड़े वादों के बजाय उन चेहरों पर भरोसा कर रहे हैं।

**सिख गुरुओं का अपमान मामला**

### सदन की रिकॉर्डिंग में कोई छेड़छाड़ नहीं: गुप्ता



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि विपक्ष की नेता आतिशी के सिख गुरुओं का अपमान करने वाले कथित बयानों से जुड़े वीडियो की सच्चाई पर फोरेंसिक साइंस लैब की रिपोर्ट में क्लिप को ओरिजिनल और बिना किसी छेड़छाड़ के बताया गया है।दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा, 'जिस सदन की वीडियो के ऊपर प्रश्न उठाए गए, विपक्ष की मांग पर उस सदन की रिकॉर्डिंग को फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी यानी एफएलएल को भेजा गया था और एफएलएल की रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जो ऑडियो-वीडियो है वह एक ही है। उसमें किसी प्रकार की छेड़खानी नहीं की गई है। सदस्यों के समक्ष जब मैंने उस दिन दोनों पक्षों को अपने कमरे में बुलाया था। वहां पर विपक्ष की तरफ से यह मांग की गई कि इसकी फोरेंसिक जांच होनी चाहिए। सत्ता रूढ़ दल ने भी इस मांग पर अपनी मुहर लगा दी थी। जब जांच के लिए इसे भेजा गया तो अचानक 9 तारीख को ये खबर आती है कि पंजाब सरकार ने पहले ही इसकी जांच करवा ली, रिपोर्ट भी आ गई और एफआईआर भी दर्ज कर ली गई।

## विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग की हुई स्थापना, सुबह से उमड़े भक्त



**कैथवलिया (पूर्वी चंपारण)।** पूर्वी चंपारण जिले के कल्याणपुर प्रखंड के कैथोलिया स्थित जानकी नगर में बने रहे विराट रामायण मंदिर में आज दुनिया के सबसे बड़े सहस्त्र लिंगम की स्थापना के लिए की जानेवाली पीठ पूजा का उत्साह उत्कर्ष पर है। बड़ी संख्या में शिवभक्तों की भीड़ राम जानकी पथ पर पैदल ही पहुंच गए है।मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए। मंदिर के चारो ओर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। लोग शिव मंत्र जप कर रहे हैं और महिलाएं महादेव के मंगलगीत गा रही हैं। अब से कुछ ही घंटों बाद महादेव की नगरी काशी समेत विभिन्न इलाकों से आए विद्वान पीठ पूजा की विधि शुरू करेंगे। समस्तीपुर की सांसद शांभवी चौधरी और उनके पति सायण कुनाल यजमान के रूप में बैठ हुए हैं। सायण कुणाल महावीर मंदिर न्यास पटना के सचिव भी शामिल रहे।

**रिपब्लिक डे पर अलर्ट**

### दिल्ली को टारगेट कर सकते हैं बांग्लादेशी आतंकी

**नई दिल्ली।** रिपब्लिक डे पर दिल्ली समेत भारत के कुछ शहरों पर आतंकी खतरे का साया मंडरा रहा है। खालिस्तानी और बांग्लादेशी आंतकियों को लेकर 26 जनवरी से पहले सुरक्षा एजेंसियों का बड़ा अलर्ट आया है। 26 जनवरी के पहले खुफिया विभाग ने अपने अहम अलर्ट में कहा है कि खालिस्तानी आतंकी संगठन और बांग्लादेश के आतंकी संगठन 26 जनवरी 2026 के मद्देनजर देश की राजधानी दिल्ली समेत दूसरे कई शहरों को निशाना बनाने की फिराक में हैं।

**इंटरनेशनल ड्रग रैकेट से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के तार**

## सात राज्यों में 26 स्थानों पर ईडी की छापामारी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** ईडी ने अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थों की मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में गोवा, महाराष्ट्र, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, ओडिशा और दिल्ली सहित सात राज्यों में 26 परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया। ईडी के पणजी जोनल कार्यालय ने तड़के तलाशी अभियान शुरू किया। यह तलाशी मधुपन सुरेश शशिकला से संबंधित है। पूरा मामला अवैध अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थों की तस्करी और अपराध से प्राप्त धन की मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है।

ईडी ने एक बयान में कहा, 'यह तलाशी ईसीआईआर के तहत की गई है, जो गोवा पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स सेल द्वारा मादक पदार्थों और मनोरोगी पदार्थों (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत दर्ज एफआईआर पर आधारित है, जिसमें व्यावसायिक मात्रा में मादक पदार्थों की तस्करी शामिल है।'



**अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा:** ईडी ने बताया कि तलाशी अभियान से एक सुसंगठित अंतरराज्यीय मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह का पता चला है। इसके अलावा, गोवा, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, ओडिशा और केरल सहित कई राज्यों में व्यापारिक आधार पर मादक पदार्थों के वितरण का पता चला है। इसके अलावा, तलाशी अभियान के दौरान, ईडी ने चरस और अन्य प्रतिबंधित पदार्थों सहित मादक पदार्थों के साथ-साथ बड़ी मात्रा में नकदी, साथ ही आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किए।

## अगर भारत में कुछ भी होता है, तो इसके बारे में हिंदुओं से पूछा जाएगा: भागवत



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत में कुछ भी अच्छा या बुरा घटित हो, तो हिंदुओं से इसके बारे में पूछा जाएगा, क्योंकि भारत केवल एक भौगोलिक क्षेत्र का नाम नहीं, बल्कि देश का चरित्र है। भागवत ने कहा कि हिंदू समाज पारंपरिक रूप से समावेशी और सभी को स्वीकार करने वाला रहा है जो रीति-रिवाजों, पहनावे, खान-पान, भाषा, जाति और उपजाति में विविधता को अपनाता है। इन मतभेदों को संघर्ष का कारण नहीं बनने देता। उन्होंने यह बातें मध्य महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले के गंगापुर में आयोजित हिंदू सम्मेलन में कहीं।

आरएसएस प्रमुख ने कहा, 'जो लोग एकीकरण और सद्भावपूर्ण सह-अस्तित्व में विश्वास रखते हैं, वे हिंदू समाज और देश के सच्चे चरित्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह परंपरा सदियों से आक्रमणों और विनाश के बावजूद संरक्षित रही है। ऐसे लोग हिंदू कहलाते हैं और उनकी भूमि भारत कहलाती है।' उन्होंने कहा कि अगर लोग अच्छे, दृढ़ और ईमानदार बनने का प्रयास करें तो देश भी वैश्विक मंच पर इन गुणों को प्रदर्शित करेगा। उन्होंने कहा कि विश्व भारत से कुछ अपेक्षा रखता है और पर्याप्त शक्ति व प्रभाव होने पर देश सार्थक योगदान देने में सक्षम होगा।

**मेट्रो एंकर**

**प्रदर्शनों के बीच स्वदेश लौटे भारतीय, केंद्र सरकार का आभार जताते हुए बोले-**

# ईरान की स्थिति बहुत खराब, लेकिन मोदी हैं तो मुमकिन है

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों के कारण कई भारतीय कल दिल्ली लौट आए हैं। एक भारतीय नागरिक ने बताया कि वहां की स्थिति बहुत खराब थी। भारत सरकार ने बहुत सहयोग किया और दूतावास ने उन्हें जल्दी ईरान छोड़ने की जानकारी दी। उन्होंने कहा, (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी जी हैं, तो हर चीज मुमकिन है।



**'कार के सामने आ जाते थे प्रदर्शनकारी...':** एक अन्य भारतीय ने कहा, वहां स्थिति सामान्य थी और हम सुरक्षित अपने घर लौट आए। ईरान में नेटवर्क की समस्या थी। मैं वहां काम के लिए गया था। एक और भारतीय ने बताया, हम वहां एक महीने के लिए गए थे। लेकिन पिछले एक-दो हफ्तों में ही हमें समस्याओं का सामना करना पड़ा। जब हम बाहर जाते थे, तो प्रदर्शनकारी कार के सामने आ जाते थे। वे थोड़ी बाधा पैदा करते थे। इंटरनेट बंद था, इसलिए हम अपने परिवार से कुछ नहीं कह पा रहे थे, इसलिए थोड़ा चिंता हुई। हम दूतावास से भी संपर्क नहीं कर पा रहे थे।

### 'ईरान में युद्ध जैसी स्थिति थी, इंटरनेट बंद था..'

अपनों का इंतजार कर रहे परिवार के एक अन्य सदस्य ने कहा, मेरी भाभी आज ईरान से लौट रही हैं। ईरान में युद्ध जैसी स्थिति थी और इंटरनेट नहीं था। हम उनसे किसी भी माध्यम से संपर्क नहीं कर पाए। हम चिंतित थे। हम बहुत खुश हैं कि वह सुरक्षित भारत लौट रही हैं। हम भारत सरकार का धन्यवाद करते हैं कि इस कठिन समय में उनके लौटने की व्यवस्था की। एक अन्य व्यक्ति ने बताया, मेरी मां और चाची ईरान से लौट रही हैं। हमें चिंता थी क्योंकि हम तीन दिन तक उनसे संपर्क नहीं कर पाए थे... आज वे भारत लौट रही हैं। एक ने कहा, मेरे पिता और बहन आज ईरान से लौट रहे हैं। उनकी उड़ान उतर चुकी है। हम भारत सरकार और खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने तुरंत कार्रवाई की।

**'मोदी सरकार ने किया लगातार समर्थन...':** तेहरान से लौटे एक अन्य भारतीय के परिवार के सदस्य ने कहा, मेरी पत्नी की चाची ईरान यात्रा पर गई थीं। ईरान हमेशा से भारत का अच्छा मित्र रहा है और हम मोदी सरकार पर बहुत भरोसा करते हैं, जिसने लगातार समर्थन किया। हम भारत सरकार का धन्यवाद करते हैं, जिसकी वजह से यह संभव हो पाया। हम बहुत खुश हैं कि हमारे परिवार का सदस्य भारत लौट रहा है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564